Haryana Vidhan Sabha Secretariat
LIBRARY
Chandigarh

हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

4 मार्च, मंगलवार, 2014

खण्ड 1, अंक 6

अधिकृत विवरण

विषय सूची

मंगलवार, 4 मार्च, 2014

	पृष्ठ संख्या
तारांकित प्रश्न एवं उत्तर	(6)1
नियम 45 (1) के अधीन सदन की मेज पर रखे गए तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर	(6)26
अतारांकित प्रश्न एवं उत्तर	(6)27
शोक प्रस्ताव	(6)41
ध्यानाकर्षण प्रस्तावों की सूचनाएं	(6)41
वाक आऊट	(6)42
ध्यानाकर्षण प्रस्ताव तथा उन पर वक्तव्य	(6)43
नियम 15 के अधीन प्रस्ताव	(6)71
नियम 16 के अधीन प्रस्ताव	(6)72
सदन की मेज पर रखे गए कागज पत्र	(6)72
विधान सभा समितियों की रिपोर्टें प्रस्तुत करना	(6)74
(i) सबोर्डिनेट लेजिस्लेशन कमेटी की 42वीं रिपोर्ट	
(ii) पब्लिक अकाऊंट्स कमेटी की 70वीं रिपोर्ट	
(iii) पब्लिक अंडरटेकिंग्ज कमेटी की 60वीं रिपोर्ट	

मूल्य :

543

(iv) वैल्फेयर ऑफ एस.सी., एस.टी. एवं बी.सी. कमेटी की 37वीं रिपोर्ट

(v) गवर्नमैंट ऐश्योरेंसिज कमेटी की 43वीं रिपोर्ट

(vi) ऐस्टीमेट्स कमेटी की 42वीं रिपोर्ट

(vii) पेटीशंस कमेटी की चौथी रिपोर्ट

(viii) कमेटी ऑन लोकल बॉडीज एंड पंचायती राज इंस्टीच्यूशंज की प्रथम रिपोर्ट

(ix) कमेटी ऑन लोकल बॉडीज एंड पंचायती राज इंस्टीच्यूशंज की दूसरी रिपोर्ट

(x) कमेटी ऑन लोकल बॉडीज एंड पंचायती राज इंस्टीच्यूशंज की तीसरी रिपोर्ट

(xi) कमेटी ऑन लोकल बॉडीज एंड पंचायती राज इंस्टीच्यूशंज की चौथी रिपोर्ट

(xii) सबजैक्ट कमेटी ऑफ पब्लिक हैल्थ, इरिगेशन, पॉवर एण्ड पब्लिक वर्क्स (बी. एण्ड आर.) की प्रथम रिपोर्ट

(xiii) कमेटी ऑन एजूकेशन, टैक्नीकल एजूकेशन, वोकेशनल एजूकेशन, मेडिकल एजूकेशन एण्ड हैल्थ सर्विसिज की प्रथम रिपोर्ट

(xiv) कमेटी ऑन सोशल जस्टिस एण्ड एम्पॉवरमैंट, वूमैन एण्ड चाइल्ड डिवैल्पमैंट एण्ड वैलफेयर ऑफ शिड्यूल्ड कास्ट्स एण्ड बैकवर्ड क्लासिज की प्रथम रिपोर्ट

(xv) कमेटी ऑन फूड एण्ड सप्लाइज की प्रथम रिपोर्ट

सरकारी संकल्प (6)79

विधान कार्य (6)81

1. दि हरियाणा ऐप्रोप्रिएशन (नं. 1) बिल, 2014

श्री अनिल विज, एम.एल.ए. की भर्त्सना का मामला (6)84

विशेषाधिकार समिति को मामला निर्दिष्ट करना (6)94

सदस्य का निलम्बन (6)95

मुख्य मंत्री द्वारा घोषणा (6)96

अति विशिष्ट व्यक्तियों का अभिनन्दन (6)98

विधान कार्य (पुनरारम्भण) (6)99

सरकारी संकल्प (6)100

विधान कार्य (पुनरारम्भण) (6)105

2. दि हरियाणा ऐप्रोप्रिएशन (नं. 2) बिल, 2014

3. दि हरियाणा राइट टू सर्विस बिल, 2014

वैयक्तिक स्पष्टीकरण (6)111

प्रो. सम्पत सिंह द्वारा

विधान कार्य (पुनरारम्भण) (6)111

4. दि हरियाणा मैनेजमैंट ऑफ सिविक अमैनिटीज एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डैफिशियंट म्यूनिसिपल एरियाज (स्पैशल प्रोविजंज) अमैंडमैंट बिल, 2014
5. दि पंजाब न्यू कैपिटल (पैरीफरी) कंट्रोल (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 2014
6. दि हरियाणा डिवैलपमैंट एण्ड रैगुलेशन ऑफ अर्बन एरियाज (अमैंडमैंट) बिल, 2014
7. इन्दिरा गांधी यूनिवर्सिटी, मीरपुर (अमैंडमैंट) बिल, 2014
8. दि हरियाणा प्राइवेट यूनिवर्सिटीज, (अमैंडमैंट) बिल, 2014
9. दि हरियाणा म्यूनिसिपल स्ट्रीट वैंडर्स (प्रोटैक्शन ऑफ लिवलीहुड एण्ड रैगुलेशन ऑफ स्ट्रीट वैंडिंग) बिल, 2014
10. दि हरियाणा म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन, (अमैंडमैंट) बिल, 2014
11. दि पंजाब आयुर्वेदिक एण्ड यूनानी प्रेक्टिशनर्स (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 2014
12. दि हरियाणा रूरल डिवैल्पमैंट (अमैंडमैंट) बिल, 2014
13. दि हरियाणा (अबॉलिशन ऑफ डिस्टिंक्शन ऑफ पे स्केल बिटविन टैक्निकल एण्ड नॉन टैक्निकल पोस्ट्स) बिल, 2014
14. दि हरियाणा क्लीनिकल एस्टैब्लिशमैंट्स (रजिस्ट्रेशन एण्ड रैगुलेशन) बिल, 2014
15. दि हरियाणा अर्बन डिवैल्पमैंट अथॉरिटी, (अमैंडमैंट) बिल, 2014
16. दि हरियाणा स्टेट लैजिस्लेचर (प्रिवैंशन ऑफ डिस्क्वालिफिकेशन) बिल, 2014

श्री अभय सिंह चौटाला, एम०एल०ए० की भर्त्सना के मामले को टालना (6)150

अध्यक्ष महोदय द्वारा धन्यवाद (6)150

हरियाणा विधान सभा

मंगलवार, 4 मार्च, 2014

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर-1, चण्डीगढ़ में प्रातः 10.00 बजे हुई। अध्यक्ष (श्री कुलदीप शर्मा) ने अध्यक्षता की।

तारांकित प्रश्न एवं उत्तर

10.00 बजे **Mr. Speaker :** Hon'ble Members, now the question hour.

Opening of Polytechnical College

***2014 Shri Dharam Singh Chhoker :** Will the Technical Education Minister be pleased to state :—

(a) whether it is a fact that there is no I.T.I. or Polytechnical College in Samalkha Assembly Constituency and the Panchayat of village Chulkana which falls in Samalkha Assembly Constituency is ready to provide the land for it; and

(b) if so, whether there is any proposal under consideration of the Government to open a Polytechnical College in village Chulkana in Samalkha Constituency?

Technical Education Minister (Shri Mahender Pratap) :

(a) there is one Government Industrial Training Institute for Women functioning at Samalkha in Samalkha Assembly Constituency. However, at present there is no Government Polytechnic in this Assembly Constituency.

(b) No, Sir.

श्री धर्म सिंह छोकर : स्पीकर सर, मैं मंत्री जी से आपके माध्यम से पूछना चाहूंगा कि समालखा विधान सभा क्षेत्र में तीन ब्लॉक समालखा, बापोली और सनौली खुर्द हैं। सनौली खुर्द को हाल ही में ब्लॉक बनाया गया है। मुझे यह कहते हुए बड़ा अफसोस होता है कि पूरे समालखा विधान सभा क्षेत्र में न तो कोई आई.टी.आई. है और न ही कोई पोलिटैक्निक संस्थान खोला गया है। मैं इस संबंध में मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि क्या समालखा विधान सभा क्षेत्र में कोई आई.टी.आई. या पोलिटैक्निक संस्थान खोलने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि है तो कब तक?

श्री महेन्द्र प्रताप : माननीय सदस्य ने अपने प्रश्न में बहुतकनीकी संस्थान खोलने के विषय में कहा है। यदि देश और दुनिया के परिपेक्ष्य में देखा जाये तो वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा का महत्व बहुत बढ़ गया है। माननीय मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में आज से लगभग साढ़े नौ साल पहले सरकार बनी थी। इस साढ़े नौ साल के कार्यकाल में जितना विकास माननीय सदस्य के क्षेत्र में हुआ है शायद इतना विकास पहले कभी नहीं हुआ था। वर्ष 2005-06 में प्रदेश में लगभग 166 के करीब शिक्षण संस्थान थे लेकिन आज की तस्वीर देखें तो प्रदेश में लगभग 642 के करीब प्राइवेट व सरकारी तौर पर शिक्षण संस्थान कार्यरत हैं। इन संस्थानों में बच्चों की इनटैक सीट्स लगभग 1 लाख 82 हजार हैं। एक ऐसा भी जमाना होता था जब प्रदेश में कॉलेजिज की बहुत कमी होती थी लेकिन आज ऐसी स्थिति है कि शिक्षण संस्थान तो ज्यादा खुल गये हैं लेकिन उनमें बच्चों के एडमिशन की संख्या पूरी नहीं हो पा रही है। माननीय सदस्य के क्षेत्र में स्थित शिक्षण संस्थानों में 35 प्रतिशत सीटें खाली पड़ी हैं। माननीय सदस्य के समालखा हल्के के अंदर आने वाले चुलकाना गांव में एक कालेज बन रहा है। वर्तमान में पानीपत जिले में करीबन 27 प्राइवेट शिक्षण संस्थान मौजूद हैं जिनमें 35 प्रतिशत सीटें खाली पड़ी हुई हैं। मुझे माननीय सदस्य के हल्के की पंचायत से एक रिजोल्यूशन प्राप्त हुआ है। उस पंचायती रिजोल्यूशन में आई.टी.आई. या बहुतकनीकी शिक्षण संस्थान खोलने के लिए पंचायती जमीन उपलब्ध कराने का जिक्र किया गया था लेकिन बच्चों के एडमिशन तथा सरकारी इंफ्रॉस्ट्रक्चर को देखते हुए यह संस्थान खोलना अभी वायबल नहीं है। मैं माननीय सदस्य को विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि आगे आने वाले वक्त में जैसे ही इस क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में इनटैक एडमिशन हो जायेंगे तो इस पर अवश्य विचार किया जायेगा।

श्री धर्म सिंह छोकर : अध्यक्ष महोदय, मैं पानीपत जिले के समालखा विधान सभा क्षेत्र की बात कर रहा हूँ कि वहाँ पर कोई न कोई आई.टी.आई. या बहुतकनीकी संस्थान बनाया जाना चाहिए। मेरा प्रपोजल है कि इसके लिए पंचायत फ्री ऑफ कॉस्ट जमीन देने के लिए तैयार है। समालखा विधान सभा क्षेत्र में जब बिल्डिंग्ज के निर्माण कार्य को शुरू किया जायेगा, तब हमारी तरफ से थोड़े बहुत पैसों का सहारा लगा दिया जायेगा।

श्री महेन्द्र प्रताप : अध्यक्ष महोदय, समालखा विधान सभा क्षेत्र के बारे में मैंने अभी जवाब दिया है कि उसमें महिला आई.टी.आई. कॉलेज मौजूद है। यह गाँव इन्हीं के क्षेत्र में पड़ता है। गाँव चुलकाना में शायद बहुतकनीकी कॉलेज अंडर कंस्ट्रक्शन है, उसको अभी चालू नहीं किया गया है।

श्री धर्म सिंह छोकर : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि चुलकाना में न तो कोई बहुतकनीकी कॉलेज अंडर कंस्ट्रक्शन है और न ही कोई उसकी प्रपोजल है।

श्री महेन्द्र प्रताप : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूँ कि मैं रिकॉर्ड के मुताबिक ही यह बात कह रहा हूँ कि अगर अंडर कंस्ट्रक्शन नहीं हैं तो ये लिखकर दे दें लेकिन पानीपत में इस समय तकरीबन 27 संस्थान चल रहे हैं।

Mr. Speaker : Hon'ble Minister, the pointed question is whether you have any intention of opening an ITI in village Chulkana or not? It is a simple question.

श्री महेन्द्र प्रताप : अध्यक्ष महोदय, आई.टी.आई. खोलने की इनटैंशन सरकार की हमेशा रही है और इसी इनटैंशन का ही नतीजा है कि आज हरियाणा प्रदेश में कॉलेजिज की संख्या बहुत ज्यादा है।

श्री अशोक कुमार अरोड़ा : अध्यक्ष महोदय मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि एक तरफ तो ये कह रहे हैं कि बिल्डिंग अंडर कंस्ट्रक्शन है दूसरी तरफ माननीय सदस्य कह रहे हैं कि बिल्डिंग अंडर कंस्ट्रक्शन नहीं है। (विघ्न)

श्री महेन्द्र प्रताप सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य से कहना चाहूँगा (विघ्न) मुझे ये इस बारे में लिखकर दे दें, मैं इनको जवाब दे दूँगा। अध्यक्ष महोदय, इस समय आवश्यकता के अनुसार पानीपत जिले में 27 संस्थान हैं। फिर भी माननीय सदस्य की चिन्ता स्वाभाविक है। सरकार ने बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए पहले ही अनेक कदम उठाये हैं ताकि बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा अपने आस-पास के क्षेत्रों में सुलभ हो सके। मैं कहना चाहता हूँ कि सरकार ने जो जरूरी घोषणाएँ की हुई हैं, पहले उनको पूरा किया जायेगा। अध्यक्ष महोदय, आगे आने वाले समय में इसको जरूर कंसीडर किया जायेगा।

Mr. Speaker : Mr. Chhoker, they will consider it. Are you satisfied with the consideration?

श्री धर्म सिंह छोकर : अध्यक्ष महोदय, हम बिल्कुल सैटिस्फाई नहीं है। क्योंकि हमारे यहाँ कम से कम एक संस्थान तो होना ही चाहिए। चाहे वह गाँव समालखा में हो, चाहे गाँव बापौली में हो या गाँव सनौली में हो। इन तीनों गाँवों में से किसी एक गाँव में तो आई.टी.आई. संस्थान होना ही चाहिए।

श्री अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी ने कहा है कि इसको कंसीडर करेंगे।

श्री धर्म सिंह छोकर : अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद।

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : अध्यक्ष महोदय, मैं आदरणीय मंत्री जी और काबिल साथी को सादर अनुरोध करना चाहूँगा कि माननीय साथी विधान सभा क्षेत्र के अंदर सबसे अधिक मेहनती विधायक हैं और हल्के की जिम्मेवारी के मुताबिक अपने हल्के की समस्याओं का निवारण करने के लिए एक-एक विभाग में जाते हैं।

श्रीमती शकुन्तला खटक : अध्यक्ष महोदय, मैं भी मेहनती विधायक हूँ।

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : अध्यक्ष महोदय, मैंने यह कहा है कि सबसे जिम्मेवार विधायकों में से है। (विघ्न)

श्री अध्यक्ष : शकुन्तला जी, आप यह न कहो कि मैं भी हूँ। आप यह कहो कि मैं हूँ ना। (विघ्न)

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : अध्यक्ष महोदय, मेरे साथी जब मंत्री जी के सामने अपने हल्के की माँगें रखते हैं तो आदरणीय मंत्री जी इनको कभी मना नहीं करते हैं। आदरणीय मंत्री जी, मंत्री होने के साथ-साथ इनके बुजुर्ग भी हैं। ये उनसे जो माँग करेंगे, वे इनकी बात को टालेंगे नहीं।

श्री महेन्द्र प्रताप : अध्यक्ष महोदय, मैं रिकॉर्ड के मुताबिक ही कह रहा हूँ कि प्राईवेट संस्थान जो वहाँ चल रहे हैं उनमें समालखा ग्रुप की नवनिर्माण सेवा समिति हथवाला में स्थित है और यह समालखा कांस्टीच्यूंसी में ही मौजूद हैं। दूसरा एन.सी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, इसराना में है।

श्री धर्म सिंह छोकर : स्पीकर सर, हथवाला समालखा में पड़ता है लेकिन हथवाला में बहुतकनीकी संस्थान खोलने का कोई प्रपोजल नहीं है और न ही कोई अंडर कंस्ट्रक्शन चल रहा है।

श्री अशोक कुमार अरोड़ा : अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी कह रहे हैं अंडर कंस्ट्रक्शन है और विधायक जी कह रहे हैं कि अंडर कंस्ट्रक्शन नहीं है। इसलिए इसकी जाँच होनी चाहिए क्योंकि मंत्री जी हाउस को मिसलीड कर रहे हैं।

श्री महेन्द्र प्रताप : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूँ कि इसकी जाँच तो यही हो सकती है कि जो माननीय साथी कह रहें हैं वह मुझे लिखित रूप में दे दें, हम उसकी जाँच करवा लेंगें। (विघ्न) मेरे पास इसकी पर्याप्त जानकारी है। प्लीज अरोड़ा जी, आप तो पढ़े लिखे और समझदार व्यक्ति हो, मैंने रिकॉर्ड के मुताबिक ही बात कही है। (शोर एवं व्यवधान) अगर माननीय साथी को अपने क्षेत्र से कोई दिक्कत है तो लिखकर दें। सरकार जांच के बाद तुरंत कार्रवाही करेगी।

श्री धर्म सिंह छोकर : स्पीकर सर, मैं माननीय मंत्री जी को लिखकर दे दूंगा और मुझे पूरी उम्मीद है कि वे इस पर विचार भी कर लेंगे।

Construction of Stadiums

***1819 Shri Naresh Selwal :** Will the Minister of State for Sports & Youth Affairs be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to construct the stadiums in Budha Khera, Kharakpunia, Matlauda and Hassangarh villages in Uklana Constituency?

राज्य खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री (श्री सुखबीर कटारिया) : नहीं, श्रीमान जी।

श्री नरेश सेलवाल : स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि उकलाना निर्वाचन क्षेत्र के बरवाला ब्लॉक के 26 गांवों में एक भी खेल स्टेडियम नहीं है। सर, वहां पर खेल स्टेडियम बनाने की मांग मैंने माननीय मुख्यमंत्री महोदय को भी लिख कर दी है। अत: माननीय खेल मंत्री जी मेरी मांग को स्वीकार करें।

श्री सुखबीर कटारिया : स्पीकर सर, माननीय सदस्य को बताना चाहता हूँ कि गांव बुढ़ा खेड़ा से 1 किलोमीटर, खरकपूनिया से 12 किलोमीटर, मतलौड़ा से 6 किलोमीटर तथा हसनगढ़ से 8 किलोमीटर की दूरी पर खेल स्टेडियम है। माननीय सदस्य के उकलाना निर्वाचनक्षेत्र में चार स्टेडियम लदारी, किरमाणा, आग्रोहा तथा चमार खेड़ा में बने हुए हैं।

श्री नरेश सेलवाल : स्पीकर सर, उकलाना और बरवाला के बीच कोई भी खेल स्टेडियम नहीं है। स्पीकर सर, मेरी आपके माध्यम से मंत्री जी से मांग है कि बुढ़ा खेड़ा गांव जो उकलाना मण्डी के साथ लगता है और खरकपूनिया गांव जो बरवाला ब्लॉक के मध्य में है, इन दोनों गांवों में

माननीय मंत्री जी खेल स्टेडियम जरूर बनवायें।

श्री सुखबीर कटारिया : स्पीकर सर, इन दोनों गांवों के एक किलोमीटर की दूरी पर खेल स्टेडियम है, फिर भी माननीय सदस्य को लगता है कि गांवों के अन्दर अच्छे खिलाड़ी हैं तो सरकार को लिखकर प्रपोजल भेजे दें, सरकार उस पर विचार कर लेगी।

श्री नरेश सेलवाल : स्पीकर सर, उकलाना मण्डी शहर है, इसलिए शहर होने के नाते बुढ़ा खेड़ा गांव में खेल स्टेडियम मंत्री जी जरूर बनायें ।

श्रीमती सुमिता सिंह : अध्यक्ष जी, मैं स्टेडियम की मांग नहीं करूँगी क्योंकि स्टेडियम हमारे पास है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहती हूँ कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र करनाल के पुण्डरक गांव में 5 साल पहले हर ब्लॉक के तहत एक स्टेडियम बनाया गया था जिसमें बिजली और पानी की कोई भी व्यवस्था नहीं है। सर, पिछली बार भी सदन में मैंने यह प्रश्न उठाया था। जिले के डी.एस.ओ. कहते हैं कि हमने कार्रवाही कर रखी है, जैसे ही सरकार से पैसे आएंगे, वैसे ही हम बिजली के कनेक्शन के लिए एप्लाई करेंगे लेकिन 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई प्रबन्ध नहीं हुआ है। स्पीकर सर, मेरी गुजारिश यह है कि नये स्टेडियम तब बनाये जायें जब पुराने स्टेडियमों में सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी पूछना चाहती हूँ कि हमारे वहां जो स्टेडियम बन गए हैं उनमें बिजली के कनैक्शन और कोच कब तक मिल पायेंगे?

श्री सुखबीर कटारिया : स्पीकर सर, हम जाँच-पड़ताल करके एक महीने के अन्दर यह सुविधा उपलब्ध करवा देंगे।

श्री नरेश सेलवाल : स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूँ कि जो हमारे अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं वे किसी एक व्यक्ति की वजह से तिरंगे झंडे के नीचे नहीं खेल पाये जिसकी वजह से हमारा हरियाणा प्रदेश और तिरंगा झंडा शर्मसार हुआ है (विघ्न)। सर, ऐसे लोग जो भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं उनको अपने पदों से इस्तीफा दे देना चाहिए।

श्री अध्यक्ष : नरेश जी आप किसके बारे में कह रहे हो ? (विघ्न)

डॉ बिशन लाल सैनी : सी.डी. के बारे में आपको पता है। (विघ्न)

श्रीमती शकुंतला खटक : अध्यक्ष महोदय, क्या यहां इस तरह से सी.डी. लाना अलाउड है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री नरेश सेलवाल : मेरा स्टेडियम्स के निर्माण के बारे में प्रश्न लगा हुआ है इसलिए मैं बोल रहा हूं। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों को खेलने से रोककर हमारे देश के तिरंगे को कलंकित किया गया है। हमारे खिलाड़ियों को औलम्पिक में खेलने का मौका नहीं मिल पाया और इस वजह से हमारे देश का तिरंगा झंडा वहां नहीं लहराया जा सका। (विघ्न)

श्री अभय सिंह चौटाला : अध्यक्ष महोदय, अभी मेरे साथी श्री नरेश सेलवाल ने स्पोर्ट्स के ऊपर क्वेश्चन किया था और वह क्वेश्चन इस बात को लेकर किया था कि क्या नये स्टेडियम बनाए जाएंगे। अध्यक्ष महोदय, नये स्टेडियम्स की मांग सदस्यों की तरफ से बार-बार उठती रही है ताकि स्पोर्ट्स ऐक्टिविटीज को बढ़ावा मिल सके। मेरा कहना है कि केवल मात्र स्टेडियम बनाने से स्पोर्ट्स

[श्री अभय सिंह चौटाला]
को बढ़ावा नहीं मिलेगा। स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए स्टेडियम बनाने के साथ साथ नयी नियुक्तियां करनी पड़ेंगी। यदि कोच और इंस्ट्रक्टर नहीं होंगे तो स्टेडियम बनाने का कोई लाभ नहीं होगा। (शोर एवं व्यवधान)

श्री आफताब अहमद : अभय जी, हम तो यह सोच रहे थे कि आप सदन में अपने बारे में सफाई देंग। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अभय सिंह चौटाला : आप स्पोर्ट्स मिनिस्टर हैं क्या ? (विघ्न) मैं अपने ऊपर लगाए गए आरोपों के बारे में जवाब दूंगा और बड़ा ही करारा जवाब दूंगा। (विघ्न)

Shri Randeep Singh Surjewala : Speaker Sir, this is not the way.

श्री अभय सिंह चौटाला : मेरे लिए जो पर्सनली कहा गया है। उसके बारे में कहना चाहूंगा कि इसी विधान सभा के अंदर आप लोगों ने मेरे खिलाफ एक प्रस्ताव पास किया था कि अभय चौटाला को इंडियन औलम्पिक ऐसोसिएशन के प्रैजीडैण्ट के पद से हटाया जाना चाहिए क्योंकि इनके इस पद पर रहने से देश के खिलाड़ियों का नुक्सान हुआ है। पहली बात तो सदन के साथियों को यह बताना चाहूंगा क्योंकि शायद इनको यह बात पता नहीं होगी कि मेरा जो चुनाव हुआ था वह बाकायदा तौर पर इलैक्टिड मैंबर्स के द्वारा किया गया था और उन्होंने मुझे वोट डालकर के यूनानिमसली तरीके से प्रैजीडैण्ट चुना था। वैसे तो इनको इस बात का अधिकार ही नहीं था कि इस किस्म का कोई प्रस्ताव ये यहां पास करते। जहां तक इस बात का सवाल है कि हमारे खिलाड़ी हिंदुस्तान के झंडे के नीचे नहीं खेल सके तो मैं जानना चाहूंगा कि उसमें हरियाणा के कौन से खिलाड़ी थे, जो तीन खिलाड़ी गए थे उनके जाने से पहले ही हमने अपनी इलैक्शन की डेट तय कर रखी थी और उससे पहले एक इंटरनेशनल टूर्नामैंट थी, उसमें खेलने जाने के लिए खिलाड़ी भेजने का काम आई.ओ.सी. का था न कि किसी स्पोर्ट्स आर्गेनाइजेशन का था। इसके लिए केवल मात्र एक व्यक्ति रणधीर सिंह जिम्मेदार था, जिसकी वजह से यह सारी चीजें हुई। सदन के साथियों को यह भी बताना चाहूंगा कि उसमें जो पदाधिकारी चुने गए वह मेरी दी हुई लिस्ट पर ही चुने गए थे। (विघ्न)

सरदार हरमोहिन्द्र सिंह चट्ठा : अध्यक्ष महोदय, इस प्रश्न का इस बात से क्या लेना देना है। सवाल क्या है और सदन में बात किस विषय पर हो रही है। (शोर एवं व्यवधान)

कैप्टन अजय सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, अभय चौटाला जी जो बोल रहे हैं उसका इस सवाल से क्या रिलेशन है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अभय सिंह चौटाला : विधान सभा में जो प्रस्ताव पास करना चाहिए वह तो आप लोग करते नहीं हैं । हमारे साथियों ने कहा था कि स्वामीनाथन आयोग की जो रिपोर्ट है उसको लागू करें। जो करने वाले काम हैं उन्हें करते नहीं हैं और उल्टे कामों में लगे हैं। (शोर एवं व्यवधान)

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य रामेश्वर दयाल किसी महिला सदस्य के साथ इस तरह की बदतमीजी नहीं कर सकते हैं उनको इस सदन में माननीय सदस्या से माफी मांगनी चाहिए। He can't threaten a women Member of the House. He can apologize. (Interruption) He has to apologize. He can't do so.

Mr. Speaker : Ho'ble Members, please sit down. (interruption) It is not good.

Shri Randeep Singh Surjewala : He has to apologize Sir. I request you in order to maintain the dignity of this House. He has to apologize to our colleague. He can't misbehave with her in this fashion. (interruption)

श्री रामेश्वर दयाल राजोरिया : अध्यक्ष महोदय, *******(शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : रामेश्वर दयाल जी जो कुछ कह रहे हैं वह रिकार्ड न किया जाए।

श्री अशोक कुमार अरोड़ा : स्पीकर सर, ऐसा किसी मैम्बर ने क्या कहा है जो कि वह माफी मांगे। माननीय सदस्या ये कैसे कह रही हैं कि हमारी पार्टी के सदस्य सदन में मर्यादा नहीं रखते।

श्रीमती शकुन्तला खटक : अध्यक्ष महोदय, विपक्ष के सदस्य न तो हाउस के अन्दर मर्यादा रखते हैं और न ही हाउस के बाहर मर्यादा रखते हैं। स्पीकर सर, चार-पांच दिन पहले जब मैं हाउस में आ रही थी तो विपक्षी पार्टी के माननीय सदस्य विधान सभा के बाहर खड़े हुए थे और उस समय श्री बिशन लाल सैनी जी ने मुझे चोरनी कह कर पुकारा। इस तरह से इन्होंने एक महिला मैम्बर के साथ बदतमीजी की। यह बात कई टी.वी. चैनलों पर भी दिखाई गई है। यह तो बिल्कुल ताजा घटना है। (विघ्न)

Shri Randeep Singh Surjewala : Speaker Sir, they also had raised the issue in the House. It may be noted.

श्रीमती शकुन्तला खटक : स्पीकर सर, उस समय श्री रामपाल माजरा जी ने खड़े होकर हाथ जोड़कर यह कहा था कि बहन जी, गलती हो गई, माफ कर दो। विपक्ष के लोगों के क्या ऐसे ही संस्कार हैं ? (विघ्न)

श्री रामपाल माजरा : स्पीकर सर, मैं तो उस समय वहां पर मौजूद ही नहीं था तो माफी कैसे मांगता। (विघ्न)

Government Girls College in Hodel Constituency

***1828 Shri Jagdish Nayar :** Will the Education Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to open a Government Girls College in Hodel Constituency; if so; the time by which it is likely to be opened ?

Education Minister (Smt. Geeta Bhukkal Matanhail) : No, Sir.

श्री जगदीश नायर : स्पीकर सर, होडल विधान सभा क्षेत्र के साथ ऐसा भेदभाव क्यों हो रहा है । पिछले नौ साल से होडल के बारे में जो भी प्रश्न लगाया जाता है उसके उत्तर में मंत्री जी की

---

*चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

[श्री जगदीश नायर]

तरफ से हमेशा नो-नो ही कहा जाता है। होडल में कन्या महाविद्यालय की सख्त जरूरत है। मेरा विधान सभा क्षेत्र यू.पी. के साथ लगता है और मेरे हल्के में एजूकेशन का बिल्कुल भट्ठा बैठ गया है। न तो किसी स्कूल का दर्जा बढ़ाया गया है और न ही कोई नया कालेज खोला गया है। जितने भी पुराने संस्थान थे वे ही चल रहे हैं। आज बच्चों की और हमारी बहन बेटियों की संख्या बढ़ गई है इसलिए उनकी एजूकेशन की सख्त जरूरत को देखते हुए होडल में कन्या महाविद्यालय खोलने की सख्त जरूरत है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि होडल में कन्या महाविद्यालय खोला जाए। मैंने इस बारे में बजट में भी मांग की थी। माननीय मुख्यमंत्री जी हर बार कहते हैं कि जो भी एम.एल.एज. मांग रखते हैं वे सारी मंजूर कर ली जाती हैं लेकिन मेरी एक भी मांग आज तक मन्जूर नहीं की गई है, यह मैं रिकॉर्ड के साथ कह रहा हूं।

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : स्पीकर सर, होडल विधान सभा क्षेत्र में इस समय नया महाविद्यालय खोलने का कोई भी प्रपोजल सरकार के विचाराधीन नहीं है। होडल शहर में एक सरकारी कालेज पहले ही काम कर रहा है जिसमें 353 लड़कियां पढ़ रही हैं और 900 के करीब लड़के पढ़ रहे हैं। इसके अलावा पलवल जोकि होडल से 29 किलोमीटर की दूरी पर है वहां पर भी एक सरकारी कालेज है और हथीन में भी एक कालेज इसी सत्र से शुरू हो जायेगा। इसके अतिरिक्त होडल शहर में सरकारी कालेज पहले से ही काम कर रहा है।

श्री जगदीश नायर : स्पीकर सर, रोहतक और झज्जर में तो नये कालेज खोले जा रहे हैं।

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : स्पीकर सर, सरकार ने 35 नये कालेज बनाये हैं और भी कालेज बनाये जा रहे हैं जिनका काम बाकी रह गया है। अभी सरकार ने 1396 असिसटैंट प्रोफैसर्ज की भर्ती के लिए रिक्विजीशन भी कमिशन को भेजी हुई है। आज हरियाणा शिक्षा का हब बनने जा रहा है।

कर्नल रघबीर सिंह : स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि बाढड़ा में कन्या महाविद्यालय बनना है वह कब तक बनकर तैयार हो जायेगा और उसमें क्लासिज कब तक लगनी शुरू हो जायेंगी?

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : स्पीकर सर, मैं माननीय सदस्य को इस बारे में बताना चाहूंगी कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस कन्या महाविद्यालय को बनाने के बारे में 6 दिसम्बर, 2013 को घोषणा की थी कि बाढ़डा में कन्या महाविद्यालय खोला जायेगा। इस कालेज की क्लासिज इसी सत्र से गवर्नमैंट गर्ल्ज सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, बाढ़डा में शुरू हो जायेंगी। जहां तक लैंड ट्रांसफर की बात है तो इसके लिए प्रौसैस चल रहा है लेकिन मैं इतना जरूर कहना चाहूंगी कि इस सत्र से यह कालेज शुरू हो जाएगा। (विघ्न)

श्री देवेन्द्र कुमार बंसल : अध्यक्ष महोदय, पंचकूला के अंदर हर साल करीबन 5 हजार से ज्यादा बच्चे चंडीगढ़ को और दूसरी स्टेट्स को माइग्रेट होते हैं। चंडीगढ़ में 30 हजार इम्पलायज रहते हैं और मीडियम फैमिलीज हैं और बहुत ही इंटैलीजैंट बच्चे यहां हैं। हमारे पंचकूला में एक यूनीवर्सिटी की बहुत लम्बे समय से मांग है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि क्या इन सारी परिस्थितियों को देखते हुए हमारे पंचकूला में कोई यूनीवर्सिटी

खोली जाएगी ? हमने पहले भी मंत्री महोदय के सामने यह मांग रखी थी।

Mr. Speaker : Hon'ble Minister, it is a demand, you may just note it down and not respond to it.

Smt. Geeta Bhukkal Matanhail : Sir, I have noted down.

Budget Allocated for Overbridge

***1983 Smt. Sumita Singh :** Will the PW (B&R) Minister be pleased to state the total budget allocated for the construction of overbridge on Ghoghripur Railway crossing of Karnal togetherwith the time by which the said overbridge is likely to be completed?

Industries Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) : Sir, the work for the construction of the overbridge on Ghoghripur Railway crossing of Karnal stands administratively approved for Rs. 3173 lakh. It is likely to be completed by May, 2015.

श्रीमती सुमिता सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं इस फ्लाई ओवर के लिए मंत्री महोदय का धन्यवाद करती हूं। हमारे इस फ्लाई ओवर का काम जोर शोर से शुरू हो गया है। It is not a question but it is a request. जब से फ्लाई ओवर का काम शुरू हुआ है,वहां पर डिपार्टमैंट ने कोई भी ऐसा अल्टरनेटिव रोड़ नहीं बनाया ताकि एक साईड से दूसरी साईड के लोग आ सकें। मैंने एक्सीयन से भी बात की है और डिप्टी कमिश्नर से भी बात की है उसके बावजूद कोई अल्टरनेटिव रोड़ नहीं बनाया गया इसलिए अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से कहना चाहूंगी कि हमारे वहां टैम्पोरेरी रोड़ बनाई जाए ताकि लोगों को कोई असुविधा न हो।

Shri Randeep Singh Surjewala : I have noted it down, Sir.

Upgradation of School

***1942 Ch. Parminder Singh Dhull :** Will the Education Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to upgrade the primary school of village Ramgarh up to Middle School falling under the Julana Constituency; if so, the time by which it is likely to be upgraded?

Education Minister (Smt. Geeta Bhukkal Matanhail) : The Government primary school, Ramgarh in Julana Constituency does not fulfil the norms for upgradation. The school will be upgraded as and when it fulfills the norms.

चौधरी परमिन्द्र सिंह ढुल : अध्यक्ष महोदय, रामगढ़ का यह प्राइमरी स्कूल 1953 में बना था और 1956 में इस स्कूल की बिल्डिंग बनी थी। इस स्कूल के पास ढाई एकड़ जमीन है, 11 कमरे हैं और 166 बच्चे हैं। 46 बच्चे 5वीं क्लास में पढ़ते हैं। सरकार के जो नार्म्ज हैं उन नार्म्ज को यह स्कूल पहले से ही पूरा कर चुका है। स्कूल के माध्यम से बार-बार रिक्वैस्ट आई है कि यह स्कूल नार्म्ज पूरे करता है इसलिए इसको अपग्रेड किया जाए क्योंकि यह बहुत पुराना स्कूल है।

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : अध्यक्ष महोदय, लेटस्ट 18 फरवरी, 2004 को हमने जो रिपोर्ट ली है उसके मुताबिक इस स्कूल में 144 बच्चे हैं। सम्मानित सदस्य कह रहे हैं कि इस स्कूल में बच्चों की संख्या 166 है इसलिए मैं कहना चाहूंगी कि अगर बच्चों की संख्या 150 से ऊपर होगी तो हम इस स्कूल को जरूर अपग्रेड कर देंगे।

श्री जगबीर सिंह मलिक : अध्यक्ष महोदय, हसनगढ़ में एक प्राइमरी स्कूल है और दो मिडिल स्कूल हैं। दोनों स्कूल नार्म्ज को पूरे करते हैं। इन स्कूलों में स्टूडैंटस भी पूरे हैं और कमरे भी पूरे हैं इसलिए मैं मंत्री महोदया से पूछना चाहूंगा कि क्या वे इन स्कूलों को अपग्रेड करने के बारे में विचार करेंगें।

Mr. Speaker : Hon'ble Minister, it is a demand only. You may not respond to this. Please note it down. (Interruption) I won't allow more than two supplementaries.

Repair of Roads in Grain Market

***1841 Sh. Kali Ram Patwari :** Will the Agriculture Minister be pleased to state :—

(a) whether it is a fact that the roads of Grain Market Pillukhera in Safidon Constituency have been damaged; and

(b) if so, the time by which the abovesaid roads are likely to be repaired ?

Agriculture Minister (Sardar Paramvir Singh :

(a) No, Sir.

(b) In view of reply of (a) above, question does not arise.

Mr. Speaker : Hon'ble Minister, you mean to say that the road is not damaged.

श्री कलीराम पटवारी : अध्यक्ष महोदय, पिल्लूखेड़ा अनाज मंडी में 4-5 समस्याएं ऐसी हैं जो बहुत ज्यादा गम्भीर हैं। पहली समस्या तो यह है कि इस मंडी में जो दुकानें हैं इन दुकानों के पीछे की रोड पर दो-दो फुट के गड्ढे हैं। मंडी के दो गेट हैं और दोनों गेट टूटे पड़े हैं। मंडी की चार दीवारी

साढे तीन फुट ऊंची है जहां से गेहूं वगैरह की चोरी होती रहती है। बारिश के पानी की निकासी के लिए सीवरेज व्यवस्था ठीक नहीं है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि क्या इन सारी समस्याओं को हल करेंगें और यदि करेंगें तो कब तक करेंगें ?

सरदार परमवीर सिंह : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने अनाज मंडी की रोड्स के बारे में बताया है कि मंडी की रोड्स टूटी पड़ी हैं।

श्री अध्यक्ष : मंत्री जी, आप नोट डाउन कर लें।

श्री कलीराम पटवारी : अध्यक्ष महोदय, दुकानों के पीछे की सड़कें टूटी पड़ी हैं।

सरदार परमवीर सिंह : अध्यक्ष महोदय, अगर ये रोड्स टूटे पड़े हैं तो हम इन रोड्स को चैक करवा लेंगें।

श्री कलीराम पटवारी : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से पूछना चाहूंगा कि इन रोड्स को कब तक चैक करवाया जाएगा ?

श्री परमवीर सिंह : अध्यक्ष महोदय, हमारी तो रिपोर्ट यह है कि वहां पर सड़कें खराब नहीं हैं। माननीय सदस्य कह रहे हैं तो हम दोबारा से चैक करवा लेंगे और वहां मण्डी में सड़कें खराब होंगी तो हम 3 महीने में ठीक करवा देंगे।

श्री अनिल धंतौड़ी : अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि मेरे विधान सभा क्षेत्र के अजराना गांव में 1982 में 37 एकड़ भूमि पर मण्डी बनाई गई थी जहां पर किसी प्रकार की खरीद नहीं होती है। वहां पर मण्डी बनाने के लिए सरकार के करोड़ो रूपये लगे थे और 30 साल बीत जाने के बाद भी वह मण्डी सुचारू रूप से नहीं चल रही है। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या अजराना की मण्डी को सुचारू रूप से चलाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

सरदार परमवीर सिंह : अध्यक्ष महोदय, यह सेपरेट क्वैश्चन है।

श्री मामू राम : अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि मेरे नीलोखेड़ी हल्के के अंदर 4 मण्डियां आती हैं। वहां निगधू मण्डी के अंदर मरम्मत की बहुत जरूरत है। (विघ्न)

Mr. Speaker : Mamu Ram Ji, this is the repetition of the question that you have asked yesterday, so please sit down.

Functioning of CHC in Pataudi

***1932 Sh. Ganga Ram :** Will the Health Minister be pleased to state whether it is a fact that the construction work of the Community Health Centre in Pataudi has been completed; if so, the time by which the aforesaid CHC is likey to start functioning ?

स्वास्थ्य मंत्री (राव नरेन्द्र सिंह) : नहीं, श्रीमान जी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-कम-50 बिस्तरीय अस्पताल, पटौदी का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। इसकी अप्रैल, 2014 तक पूरा होने की संभावना है।

श्री गंगाराम : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से यह कहना चाहता हूं कि वहां पर पिछले एक साल से बड़ी धीमी गति से कार्य चल रहा है इसलिए कार्य को स्पीड-अप करवाया जाये और मंत्री जी समय सीमा निर्धारित करें कि यह कार्य कब तक पूरा हो जायेगा ?

राव नरेन्द्र सिंह : अध्यक्ष महोदय, अप्रैल, 2014 तक इनका कार्य पूरा करवा दिया जायेगा।

श्री पृथी सिंह नम्बरदार : अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के उचाना में पी.एच.सी. है जिसकी बिल्डिंग पूरी तरह से टूटी हुई है। क्या मंत्री जी उस पी.एच.सी. की बिल्डिंग को रिपेयर या दोबारा से बनाने का प्रावधान करेंगे ?

राव नरेन्द्र सिंह : अध्यक्ष महोदय, यह अलग से प्रश्न है। इस बारे में माननीय सदस्य लिखकर भिजवा दें इसको हम एग्जामिन करवा लेंगे।

श्री देवेन्द्र कुमार बंसल : अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि बरवाला सिविल हास्पिटल की बिल्डिंग भी काफी खराब हालत में है, क्या उसकी भी रिपेयर करवाने का कोई प्रावधान सरकार के विचाराधीन है ?

राव नरेन्द्र सिंह : अध्यक्ष महोदय, यह अलग से प्रश्न है। इस बारे में माननीय सदस्य लिखकर भिजवा दें इसको हम ऐग्जामिन करवा लेंगे।

Construction of Bus Stand at Mullana

***1837 Sh. Rajbir Singh Barara :** Will the Transport Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to construct a Bus Stand in village Mullana of Mullana Constituency; if so, the time by which aforesaid Bus Stand is likey to be constructed ?

परिवहन मंत्री (श्री आफताब अहमद) : हां, श्रीमान जी। मुलाना में बस-अड्डे के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि के चयन के प्रयास किये जा रहे हैं।

श्री राजबीर सिंह बराड़ा : अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि वहां एन.एच.-73 पर महर्षि मारकण्डेश्वर यूनिवर्सिटी, मेडीकल कालेज और हास्पिटल है। जिसके कारण वहां दूर-दूर से बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। वहां हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। एक तरफ तो यमुना नगर की तरफ से और दूसरी तरफ अम्बाला की तरफ से वहां बहुत ट्रैफिक आता है जिससे निजात पाने के लिए वहां बस अड्डा बनाना बहुत जरूरी है। इसलिए इस पर जल्द से जल्द कार्यवाही करके वहां पर बस अड्डा बनाया जाये।

श्री आफताब अहमद : अध्यक्ष महोदय, वहां पर नैशनल हाई-वे 73 पर जमीन के चयन के लिए डी.सी. की अध्यक्षता में कमेटी बनाई हुई है। बस अड्डा बनाने के लिए एन.एच.ए.आई. से एन.ओ.सी. लेना भी जरूरी है क्योंकि यह नेशनल हाईवे है। हमने एन.ओ.सी. के लिए एप्लाई कर दिया है, जैसे ही हमें एन.एच.ए.आई. से एन.ओ.सी. मिल जायेगी हम इस पर अवश्य कार्यवाही करेंगे।

श्री कृष्ण लाल पंवार : अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी की नॉलेज में लाना चाहूंगा कि एन.एच.-71 पर फलाई ओवर बनने के कारण इसराना के बस अड्डे का रास्ता बंद हो गया है। क्या मंत्री जी बतायेंगे कि इसराना के बस अड्डे को दूसरी जगह चेंज करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

श्री अध्यक्ष : यह बस अड्डा फलाई ओवर के नीचे आ गया है इसलिए इसको चेंज किया जाना बहुत जरूरी है।

श्री आफताब अहमद : अध्यक्ष महोदय, इसको हमने नोट कर लिया है और इसको हम जरूर कंसीडर करेंगे।

श्री नसीम अहमद : अध्यक्ष महोदय, मेवात के बड़कली चौक पर बस अड्डा बनाना बहुत जरूरी है। वहां पर राजस्थान और अपने प्रदेश की भी बसें चलती हैं। वहां हमेशा अफरा-तफरी का माहौल रहता है इसलिए वहां पर बस अड्डा बनाना बहुत जरूरी है। क्या वहां पर बस अड्डा बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

श्री आफताब अहमद : अध्यक्ष महोदय, इसको हम कंसीडर कर रहे हैं। इस बारे में मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि वहां पर बस अड्डा बनाने के लिए भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है हम जल्द ही वहां बस अड्डा बनवायेंगे।

श्री नसीम अहमद : अध्यक्ष महोदय, जो जमीन अधिग्रहण की गई है वह बस अड्डे के लिए कम है इसलिए ज्यादा जमीन एक्वायर की जाये तो अच्छा रहेगा।

श्री आफताब अहमद : सर, वहां पर बस अड्डा बनवाने के लिए जमीन अधिग्रहण कर ली गई है।

Science Stream in Government College Indri

***1851 Dr. Ashok Kashyap :** Will the Education Minister be pleased to state :—

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to start "Science Stream" in Shaheed Udham Singh Government College, Indri, Karnal; and

(b) if so, the time by which the above proposal is likely to be implemented ? If not, the reasons thereof ?

Education Minister (Smt. Geeta Bhukkal Matanhail) :

(a) Yes, Sir. Science stream has been sanctioned for Shaheed Udham Singh Government College, Matak Majri, Karnal.

(b) The Science stream will be started at this college as and when the required building becomes available.

डॉ. अशोक कश्यप : स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि इस कॉलेज के लिए पर्याप्त भवन उपलब्ध है। मैं माननीय मंत्री महोदया जी से जानना चाहता हूं कि क्या इस कॉलेज में इस शिक्षा सत्र से साईंस स्ट्रीम में दाखिले शुरू किये जायेंगे ?

श्रीमती गीता भुक्कल : स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह बताना चाहूंगी कि हमने इस कॉलेज के लिए एडमिनिस्ट्रेटिव सैंक्शन साईंस स्ट्रीम में मेडीकल और नॉन-मेडीकल दोनों के लिए दे दी है। कंस्ट्रक्शन ऑफ साईंस ब्लॉक के कार्य के लिए हमारी 10.02.2014 और 19.02.2014 के लिए भी इसकी अप्रूवल हो गई है और जल्दी ही नैक्सट फाईनैंशियल ईयर से वहां पर हमारा कंस्ट्रक्शन वर्क शुरू हो जायेगा। कॉलेज के प्रिंसिपल ने हमें बताया है कि जो ऐग्जिस्टिंग बिल्डिंग है उसका इनफ्रास्ट्रक्चर पर्याप्त नहीं है क्योंकि साईंस स्ट्रीम के लिए बहुत सारी लैब्स और दूसरे कम्पोनैंट्स होते हैं। इसके कंस्ट्रक्शन का काम हम जल्दी ही शुरू करवा दें और जैसे ही कंस्ट्रक्शन का काम कम्पलीट हो जायेगा वहां पर साईंस स्ट्रीम की क्लासिज़ शुरू कर दी जायेंगी।

Construction of Drain

***1868 Sh. Pirthi Singh Nambardar :** Will the Irrigation Minister be pleased to state :—

(a) whether it is a fact that the crops of the farmers got damaged due to the accumulation of rainy water in the fields of Ismailpur, Dablain, Dharamgarh, Badowala and Sunderpur etc. villages of Narwana Constituency; and

(b) if so, whether there is any proposal under consideration of the Government to construct a drain to drain out the rainy water from the fields of the abovesaid villages; if so, the details thereof ?

Finance Minister (Sardar Harmohinder Singh Chattha) :

(a) No, Sir.

(b) There is no proposal under consideration of the Government as the existing drainage system is sufficient to drain the rain water.

श्री पृथी सिंह नम्बरदार : स्पीकर सर, ईस्माइलपुर, दबलैन, धर्मगढ़, बदोवाला और सुन्दरपुर में बरसात के समय में खेतों में पानी भर जाता है। स्पीकर सर, दबलैन, बदोवाला और सुन्दरपुर में

तो लोग अपने प्रयासों से यह पानी इधर-उधर निकाल देते हैं लेकिन ईस्माइलपुर में इस प्रकार का कोई बंदोबस्त नहीं हो पाता। अगर वहां के लोग सम्बंधित अधिकारियों के पास जाते हैं तो मोटरें इत्यादि लगाकर पानी निकालने की कोशिश की जाती है लेकिन इतने में लोगों की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो जाती है। क्या लोगों की फसल को बर्बाद होने से बचाने के लिए सरकार कोई कारगर कदम उठाने का प्रावधान करेगी।

सरदार हरमोहिन्द्र सिंह चट्ठा : स्पीकर सर, जैसा कि माननीय सदस्य बता रहे हैं ऐसी बात बिलकुल नहीं है। जिन गांवों का इन्होंने जिक्र किया है कि वहां पर पानी खड़ा होता है। पहली बात तो मैं इस बारे में यह कहना चाहूंगा कि वहां पर कई-कई साल पानी नहीं खड़ा होता। इस इलाके में दो नहरें चलती हैं। एक वहां पर नरवाना माईनर है। इनमें से कुछ पम्प तो हमने नरवाना माईनर के ऊपर लगाये हुए हैं। इस प्रकार से जो पानी आता है उसको सारे का सारा नरवाना माईनर में डाल देते हैं। इसके अलावा कुछ पम्प हमने सिरसा ब्रांच में लगाये हुए हैं। इस प्रकार से जितना पानी ज्यादा होता है वह सिरसा ब्रांच में चला जाता है। वहां पर पानी कभी भी एक्युमुलेट नहीं हुआ है और अगर कभी हुआ भी होगा तो उससे कोई नुकसान वहां पर नहीं हुआ है।

To Set up a 132 KV Power Station

***1952 Sh. Phool Singh Kheri :** Will the Power Minister be pleased to state :—

(a) whether it is a fact that there is only one 33 KV Power Sub-station at present for the 30-32 villages across Ghaggar river in Guhla Constituency; and

(b) if so, whether there is any proposal under consideration of the Government to set up a 132 KV Power Sub-station for the abovesaid villages togetherwith the time by which it is likely to be set up ?

Power Minister (Capt. Ajay Singh Yadav) :

(a)&(b) No, Sir.

श्री फूल सिंह खेड़ी : स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि मेरे हल्के गुहला-चीका में घग्गर पार 32-33 गांव पड़ते हैं और इनमें से 18 गांवों में एक 33 के.वी.ए. का सब-स्टेशन है और इसी प्रकार से एक 33 के.वी.ए. का सब-स्टेशन 14 गांवों में है। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या मेरे हल्के में 132 के.वी.ए. का सब-स्टेशन बनाने का कोई प्रावधान है ?

कैप्टन अजय सिंह यादव : स्पीकर सर, माननीय सदस्य के हल्के में 33 के.वी.ए. के तीन सब-स्टेशन है। इनमें से एक 12 एम.वी.ए. का डाबा में है दूसरा महमूदपुर में 8 एम.वी.ए. का है और तीसरा 21 एम.वी.ए. का पपराला में है जो घग्गर रिवर के एक्रॉस गुहला विधान सभा क्षेत्र में

[कैप्टन अजय सिंह यादव]

30 गांवों को बिजली की सप्लाई कर रहे हैं इन गांवों के नाम हैं भूसला, दाताखेड़ा, कदम, सिहाली, मोहनपुर, मंझेरी, सरकपुर, बुडनपुर, घग्गरपुर, कसौली, अहमदपुर, धारा, जोदवा, पपराला, चाना, अगरिया, चन्ना जाटान, अरनाली, सैयदपुर, लंडेरी, बोपुर, खम्बेरी, शुगलपुर, खम्बेरा, सरोला, डाबा, चाबा, रत्ताखेड़ा, लुकमन, अजीमगढ़, गढ़ी, नजीदपुर, महमूदपुर, मलिकपुर और शादीपुर। इसके अलावा मैं यह भी बताना चाहूंगा कि जो डाबा का 12 एम.वी.ए. का सब-स्टेशन हम इसकी जल्दी ही कैपेसिटी बढ़ाकर 18 एम.वी.ए. करने जा रहे हैं। इस तरह से 6 एम.वी.ए. की कैपेसिटी हम 2014-15 तक बढ़ा देंगे। डाबा का जो सब-स्टेशन है वह चीका से फीड होता है। इसी प्रकार से महमूदपुर में भी 8 एम.वी.ए. से 20 एम.वी.ए. के सब-स्टेशन की भी हम ऑगूमैंटेशन कर रहे हैं जो कि वर्ष 2016-17 के लिए एप्रूव हो चुका है और यह भी चीका से फीड होता है। इसी प्रकार से अरनोली में भी 1x10 एम.वी.ए. का सब-स्टेशन वर्ष 2015-16 के लिए एप्रूव हो चुका है उसकी फीडिंग भी हम 200 के.वी.ए. एडीशनल सब-स्टेशन चीका से करेंगे। वहाँ पर हम 1x40/50 133 के.वी. का सब-स्टेशन 2015 तक लगा देंगे। (विघ्न)

श्री फूल सिंह खेड़ी : अध्यक्ष महोदय, मैने पिछले सत्र में भी पूछा था कि रोहतक में किलोई हलके में लोग बिजली के बिल नहीं भरते।

Mr. Speaker : It is not related with the question.

श्री फूल सिंह खेड़ी : अध्यक्ष महोदय, चीका में 90 प्रतिशत लोग बिजली के बिल भरते हैं और 33 के.वी. के जो सब-स्टेशन हैं वे जीरी के सीजन में ओवरलोड चलते हैं। अध्यक्ष महोदय, हमने तो माननीय मंत्री जी से उनका दर्जा बढ़ाने के बारे में पूछा है न कि हमने पूरे हरियाणा की जानकारी मांगी है।

कैप्टन अजय सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, 40/50 एम.वी.ए. का 133 के.वी. का सब-स्टेशन हम वहाँ पर लगा देंगे उससे इनकी ओवरलोडिंग की समस्या समाप्त हो जायेगी।

श्री फूल सिंह खेड़ी : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी को यह बात कहते हुये बहुत दिन हो गये हैं लेकिन पिछले एक साल में तो इन्होंने कुछ नहीं किया है।

कैप्टन अजय सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, वित्त वर्ष 2014-15 में यह काम हो जायेगा।

कर्नल रघुबीर सिंह : अध्यक्ष महोदय, मेरे बाढड़ा हलके में कादमा, मदलाना, रूद्रोल और नांदा पॉवर हाउस ओवरलोड चल रहे हैं। मैंने मंत्री जी से पहले भी रिक्वैस्ट की थी कि कादमा पॉवर हाउस को 132 के.वी.ए. का बना दिया जाये। माननीय मंत्री जी ने विश्वास दिलवाया था कि हम 10 एम.वी.ए. का ट्रांस्फार्मर कादमा में भेजेंगे लेकिन उस बात को एक साल से ऊपर का समय हो गया है लेकिन वह 10 एम.वी.ए. का ट्रांस्फार्मर आज तक नहीं लगा है।

कैप्टन अजय सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, यह एक पृथक प्रश्न है।

To Replace Obsolete Electricity Wires

***1855 Smt. Kavita Jain :** Will the Power Minister be pleased to state :—

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to replace the obsolete electricity wires in the Sonepat city; and

(b) if so, the time by which the aforesaid work is likely to be started ?

Power Minister (Capt. Ajay Singh Yadav) :

(a) Yes, Sir. The work of replacement of obsolete wires in various colonies of Sonepat town is going on. 491.52 KMs worn out ACSR conductor have already been replaced with AB cable/ conductor in Sonepat town with an expenditure of approx. Rs 1482.5 lacs since 01.01.2012.

(b) The proposal & estimate for replacement of balance 15 KMs worn out conductor has already been prepared with an estimated cost of Rs. 45.24 lacs. The work is likely to be completed by March, 2014.

श्रीमती कविता जैन : अध्यक्ष महोदय, मेरे हलके में विभिन्न इलाकों में 20-20 साल पुरानी बिजली की तारें हैं विशेषकर पुराने इलाकों में हालत और भी ज्यादा खराब है। जगह-जगह तारों के गुच्छे बने हुये हैं और गर्मियों में वे गुच्छे टूट कर नीचे गिर जाते हैं जिससे जान और माल का नुकसान होता है। जब लोग बिजली विभाग के पास उन तारों को बदलवाने के लिए जाते हैं तो विभाग कहता है कि अपनी तारें ले आओ हम बदलवा देंगे। अध्यक्ष महोदय, इसी प्रकार से बार-बार माँग करने के बावजूद भी सोनीपत में लोहे के पुराने खम्बे ज्यों के त्यों खड़े हुये हैं और उनको बदला नहीं गया है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूँ कि माननीय मुख्य मंत्री जी दिसम्बर, 2011 में सोनीपत में आये थे और वे 45 करोड़ रुपये की घोषणा तारों को बदलवाने के लिए करके गये थे और माननीय मंत्री जी ने अपने जवाब में कहा है कि हमने 1482.5 लाख रुपये खर्च कर दिये हैं। स्पीकर सर, यह दिसम्बर 2011 और एक जनवरी 2012 का डाटा दिया गया है यानि कि जो अमाउंट खर्च हो चुका है वह मुख्यमंत्री जी की घोषणा से पहले तक खर्च हुआ है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहती हूं कि मुख्यमंत्री जी की घोषणा के पश्चात अब तक कितना अमाउंट बिजली की तारें बदलवाने के लिए खर्च किया गया और कहां-कहां की बिजली की तारें बदली गई हैं ? सर, मेरी दूसरी सैप्लीमेंटरी यह है कि हमारे हल्के के अन्दर पुराने शहर में मोहल्ला कोट, मोहल्ला कलां मसद, मोहल्ला अग्रसैन नगर, प्रभु नगर मण्डी, आर्य नगर और भी बहुत सारे ऐसे ईलाके हैं जहां पर तारों की स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है और लोहे के खम्बे भी ज्यों के त्यों खड़े हुए हैं। स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं के अनुरूप क्या 45 करोड़ रुपया खर्च किया जाएगा और लोहे के खम्बे और बिजली की तारें एक सिरे से लेकर दूसरे सिरे तक लगातार बदली जाएंगी ?

कैप्टन अजय सिंह यादव : स्पीकर सर, जैसा कि मैंने बहन कविता जैन को बताया कि इन के 15 किलो मीटर क्षेत्र के worn out conductors के बारे में मेरे पास इन्फोर्मेशन है अगर 15 किलोमीटर तक के एरिया में कोई भी बिजली की वायर वगैरा खराब हैं तो ये मुझे लिख कर दे दें, उनको भी हम ठीक करवा देंगे।

श्रीमती कविता जैन : स्पीकर सर, मैंने यह मुद्दा मेरे सबसे पहले सैशन सन् 2010 में भी उठाया था और उसमें भी मैंने सबसे पहला प्रश्न यही लगाया था, इसलिए मेरा मंत्री जी से अनुरोध है कि वह मुझे वह अमाउंट बताएं जो बिजली के लोहे के खम्बे और वायर बदलने पर खर्च किए हैं।

कैप्टन अजय सिंह यादव : स्पीकर सर, मैं इनसे पूछता हूं कि इन्होंने आज तक अपने हल्के की समस्या के बारे में हमें कभी कोई चिट्ठी पत्री लिखी है।

श्रीमती कविता जैन : स्पीकर सर, इनके विभाग पर जब कोई प्रश्न हाउस में बोला जाता है तो फिर चिट्ठी पत्री की क्या जरूरत रह जाती है।

कैप्टन अजय सिंह यादव : स्पीकर सर, इनको एक मैंबर की हैसियत से एक आध बार हमारे पास आकर हमसे मिलना भी चाहिए और कोई चिट्ठी पत्री भी डालनी चाहिए और अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में हमें अवगत भी कराना चाहिए। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, जब इन्होंने अपनी बात हाउस में कह दी तो चिट्ठी पत्री की क्या बात रह गई ? (शोर एवं व्यवधान)

कैप्टन अजय सिंह यादव : स्पीकर सर, एक आध बार इनको अपने क्षेत्र की समस्याएं लेकर हमारे पास आकर मिलना चाहिए।

श्रीमती कविता जैन : स्पीकर सर, मै मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि मुख्यमंत्री जी की घोषणा के बाद और अब तक कितना अमाउंट खर्च किया गया है और कहां -कहां के बिजली के खम्बे व तारें बदली गई हैं ?

कैप्टन अजय सिंह यादव : स्पीकर सर, मेरे पास इसकी कोई सूचना नहीं है कि मुख्यमंत्री जी ने घोषणाएं की हैं या नहीं की हैं।

श्रीमती कविता जैन : स्पीकर सर, ठीक है कि इनको मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं के बारे में नहीं पता। आप बस ये बताईये कि सन् 2012 से अब तक कितनी बिजली की तारें बदली गई हैं और कहां-कहां बदली गई हैं।

कैप्टन अजय सिंह यादव : स्पीकर सर, सन् 2012 तक हमने 1442.5 लाख रुपये खर्च किए हैं और अभी 15 किलो मीटर तक के एरिया का प्रपोजल और रखा गया है जिसमें 45.24 करोड़ रुपये और अलग से खर्च होंगे जिसमें हम इनके क्षेत्र की 15 किलो मीटर के एरिया तक की तारें ठीक करेंगे।

श्रीमती कविता जैन : स्पीकर सर, 15 किलो मीटर के एरिया से काम नहीं चलेगा मैं मंत्री जी से यह पूछना चाहती हूं कि शहर के अन्दर जिन-जिन एरिया की तारें खराब हैं क्या वह एक सिरे से

शुरू करके दूसरे सिरे तक लगातार बदली जाएंगी।

कैप्टन अजय सिंह यादव : आपके एरिया की जहां-जहां बिजली की तारें खराब हैं। आप मुझे लिख कर दे दीजिए।

श्रीमती कविता जैन : स्पीकर सर, मेरे एरिया की सारी ही बिजली की तारें खराब हैं।

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, जब इन्होंने अपनी बात हाउस में कह दी तो लिख कर देने की कौन सी बात रह गई। जब ये हाउस में कह रही हैं तो आप उसको नोट कर लो। (शोर एवं व्यवधान)

शिक्षा मंत्री (गीता भुक्कल मातनहेल) : स्पीकर सर, विज साहब इस तरह मंत्री जी को क्यों धमका रहे हैं।

सरदार हरमोहिन्द्र सिंह चट्ठा : स्पीकर सर, यह कमाल की बात है कि विज साहब हर बात हाउस में खड़े होकर अकड़ कर और गुस्से से करते हैं। It is an unbecoming of a member. It doesn't look nice. Be pleasant. प्रेम से बात करो। विज साहब, आप बैठ जाइये। (शोर एवं व्यवधान)

श्री नरेश कुमार बादली : स्पीकर सर, विज साहब क्या अनपढ़ हैं जो बार-बार खड़े हो जाते हैं। (शोर एवं व्यवधान)

कैप्टन अजय सिंह यादव : स्पीकर सर, मैं बहन कविता जैन के प्रश्न का जवाब दे रहा हूं। एक आर.ए.पी.डी.आर.पी. की स्कीम आई है जिसके तहत हमने 36 शहरों को लिया है जिनमें सोनीपत भी है। उस स्कीम के तहत इनके हल्के के बिजली डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम में जितनी भी वायर हैं उनको हम ठीक कर देंगे। (शोर एवं व्यवधान)

Arrangements to Drain Out the Water of Ponds

***1961 Dr. Bishan Lal Saini :** Will the Urban Local Bodies Minister be pleased to state whether it is a fact that the ponds of villages Sasauli, Mandaber, Farakpur and Rampur in Municipal Corporation, Yamunanagar are overflowing; if so, whether there is any proposal under consideration of the Government to drain out the water from the ponds of the aforesaid villages?

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री (श्रीमती सावित्री जिंदल) : हां, श्रीमान जी। नगर निगम यमुनानगर-जगाधरी द्वारा गांव ससौली और गांव फर्कपुर में तालाबों से पानी निकालने के लिए बरसाती पानी नालों के निर्माण हेतु 50 लाख रुपये के अनुमान तैयार किये गये हैं, जोकि अनुमोदन हेतु प्रक्रियाधीन हैं। गांव ससौली में तालाब से पानी निकालने के लिए पानी निकासी पम्प लगाये गये हैं। शेष गांवों के तालाबों से भी पानी निकालने के लिए शीघ्र ही पम्प लगा दिये जायेंगे।

16	Panchkula	7.58	11.17	16.42	–8.84	–5.25

[Sardar Paramvir Singh]

1		2	3	4	5	6
17	Rohtak	6.64	3.80	3.71	2.93	0.09
18	Rewari	11.75	13.07	22.96	–11.21	–9.89
19	Sonepat	4 68	5 33	8 52	–3 84	–3 19
20	Sirsa	17.88	9.45	17.34	0.54	–7.89
21	Yamuna-nagar	6.26	7.13	12.69	–6.93	–5.56
	State Average	9.19	9.36	17.16	–7.97	–7.80

***(+) indicates rise in water table and (–) indicates decline in water table.**

Measures taken by various Departments for water conservation and for checking the over exploitation of ground water in Haryana.

1. Agriculture Department

1. " The Haryana State Preservation of Sub Soil Water Act, 2009" has been enacted which prohibits sowing of Paddy before 15th of May and transplanting of paddy before 15th of June. This Act has been quite successful in checking the exploitation of ground water especially in Paddy growing areas.

2. The Department has introduced a State Plan Scheme from the year 2005-06 namely "Accelerated Recharge to Ground Water" to recharge the ground water in water deficit areas of the State. Under this scheme, 592 Rain Water Harvesting structures have been constructed up to 2012-13 at a total cost of Rs. 485.58 lacs. A target of construction of 35 rain water harvesting structures has been fixed for the year 2013-14.

3. The Department is implementing Watershed schemes namely, National Watershed Development Project for Rain-fed Areas (NWDPRA), Flood Prone River (Ghaggar) and Sub Mountainous scheme under which activities like water harvesting structures, gully plugging, check dams, percolation embankments, marginal bunds/ diversion bunds, village ponds, sub-surface dams etc. are taken up. An amount of Rs. 217.24 lacs has been spent under the above schemes to treat an area of 2998 hectares during 2013-14 (up to Jan, 2014).

4. The Department is encouraging the farmçrs to adopt Drip and Sprinklers for irrigation to economize the use of irrigation water. For the promotion of Sprinkler System, subsidy' @ 50% of the cost of system and for Drip irrigation system, subsidy @ 75%

of the cost of system is being provided. Drip and Sprinkler irrigation systems save up to 40% of water used in irrigation. So far 1,42,574 sprinkler sets have been installed since the inception of the scheme in the State (up to Jan, 2014). An amount of Rs. 783.65 lacs has been provided as subsidy during 2013-14 (up to Jan, 2014) for promotion of 2843 sprinklers in the State against the target amount of Rs. 42.00 crore which has been earmarked for the current year 2013-14 for installation of 14,000 sprinkler sets. A target of covering 2000 ha under Cotton and Sugarcane crops under drip Irrigation has been fixed during the year 2013-14.

5. In order to prevent seepage and evaporation losses, the Department is providing subsidy to the farmers @ 50% of the cost or a maximum of Rs 60,000 per beneficiary for laying Underground Pipe Line System (UGPL). An amount of Rs. 141.12 crore has been spent for laying UGPL system in 1,16,233 hectares till 2012-13 since the inception of the scheme in 2002-03. An amount of Rs. 48 crore has been earmarked for UGPL during 2013-14 for covering an area of 38,000 hectares in the State.

6. Land levelling with Laser land leveller is used for precision/ scientific levelling of land thereby facilitates effective utilization of farm inputs. It saves about 20% water used in irrigation. Department is promoting use of laser levelling technology by way of demonstrations, providing machines on custom hiring basis and subsidy, it is proposed to provide 1300 laser land levellers to the farmers of the State on subsidy i.e. @ 50% of the cost of machine or Rs. 75,000/- whichever is less during the year 2013-14. A total number of 1535 laser land levellers have already been provided to the farmers of Haryana on subsidy from 2007-08 to 2012-13.

7. Department is promoting use of Zero tillage technology by way of demonstrations and providing assistance. Assistance 50% of the cost of machine or Rs. 20,000/- whichever is less is being provided. Zero tillage technology was introduced by the department on subsidy in the year 2001-02. A total of 19306 nos. of Zero-Till-seed-cumfertilizer-drill machines have already been provided to the farmers of Haryana on subsidy from 2001-02 to 2012-13. A target of 2400 nos. zero tillage machines has been fixed for the year 2013-14.

8. Direct Seeded Rice (D.S.R) and Crop Diversification programmes have been launched in the State for conservation of natural groundwater resource.

[Sardar Paramvir Singh]

9. To monitor the water table depth and its quality, 23 Digital Water data loggers have been installed in all blocks of Rohtak, Jhajjar, Kurukshetra and Kamal districts during the year 2011-12. 17 Digital Water data loggers have also been installed in remaining 17 districts during the year 2012-13.

10. Mass Awareness Campaigns are being launched to educate the farmers regarding conservation of groundwater and judicious use of irrigation water. Farmers are being advised to grow less water intensive crops.

11. A Model Bill to regulate, manage and control the ground water and its development in the State is under consideration. Eight meetings of the committee constituted by the State Govt. under the Chairmanship of Hon'ble Agriculture Minister for this purpose have been held. As per the decisions of last meeting, the Haryana State Draft Model bill i.e. **"Haryana State Ground Water Management and Regulation Act"** will be put up before the Government for further action for its enactment.

II. Horticulture Department

Horticulture Department is promoting sprinkler and drip irrigation under the National Mission on Micro Irrigation in order to ensure judicious use of water for horticultural crops. An area of 19,443 hectares under drip and 16,198 hectares under sprinkler irrigation has been covered. More than 2800 community tanks have been constructed on 100% subsidy to conserve water.

III. Irrigation Department

Irrigation Department has also taken measures for the recharge of groundwater. A total number of 33 recharge schemes have been completed so far whereas, 5 schemes in different districts are in progress and 13 others are proposed to be taken up in future.

IV. Rural Development Department

(a) Under the Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act (MGNREGA), top most priority has been given to Water Conservation and water harvesting, drought proofing (including afforestation & tree plantation) and irrigation canals including micro and minor irrigations works, and renovation of traditional water bodies including de-silting of tanks. Since inception of the Scheme 6,483 works of water conservation and water harvesting have been completed and 2525 works are under progress up to January, 2014 on which an amount of Rs. 264.49 crore has been spent.

(b) Under Desert Development Programme (DDP) and Integrated Watersheds Development Programme (IWDP), 1215 watershed projects were taken up at a cost of Rs. 350.46 crore up to March, 2013.

(c) Under Integrated Watershed Management Programme (IWMP), 75 projects have been sanctioned at a cost of Rs.3100 lacs during 2011-12. An amount of Rs. 955.12 lacs has been spent on entry point activities and Rs. 476.22 lacs on Natural Resource Management. The major focus of this programme is on rain water harvesting, re-charging of groundwater, construction of gully plugs, roof rain water harvesting etc.

V. Public Health Engineering Department

This department has constructed 27151 sustainability structures including water harvesting dams, percolation tanks, check dams etc. in Panchkula, Yamunanagar and Ambala districts at a cost of Rs. 5959.57 lakhs upto 31.1.2014.

VI. Forest Department

The Forest Department has executed soil and moisture conservation works like water harvesting dams, check dams and percolation tanks for controlling the rain water run off. 78 water harvesting structures have been constructed by the Department in Shiwaliks. An amount of Rs. 2083.77 lakhs has been spent by the Forest Department during 2009-10 to 2012-13 on such structures.

VII. Urban Local Bodies Department

It is mandatory for all Govt. buildings and all private houses in municipal areas having roof top surface area of 100 sq.m. or more to have a rain water harvesting structure.

VIII. Haryana Urban Development Authority (HUDA)

(a) In order to ensure recharging of ground water, a notification dated 31.10.2001 was issued by HUDA vide which the following have been made mandatory :-

"Arrangement of roof top rain water harvesting will have to be made by the plot owners constructing the building on the plot allotted by HUDA Ilicensed colonies where the roof-top area is 100 sq.m. or more."

(b) In addition to the above provision, 588 number rain water harvesting systems have been provided in Gurgaon in HUDA areas in parks, green belts and HUDA buildings.

[Sardar Paramvir Singh]

(c) To minimize the exploitation of ground water, use of ground water for construction activities in licensed areas has been banned in Gurgaon. The developer has to obtain No Objection Certificate from Administrator, HUDA, Gurgaon for carrying out construction activities. NOC is issued only after the developer reveals the source of water (other than ground water) proposed to be used in construction activities. Treated water from Sewage Treatment Plant (STP) is generally used for construction activities.

(d) Out of 96 nos. tubewells, 71 tubewells in Gurgaon have been closed in HUDA areas so as to minimize the use of ground water with the commissioning of Chandu Budhera unit-I & II (22 MGD each).

(e) Water closets from 12 ltrs. in building regulations (Reg-61) has been amended to dual flush (10/05 & 06/03 ltrs.). This shall result in more than 50% saving in water use in domestic demand.

उपाध्यक्ष महोदय, इसके साथ ही साथ मैं सदन की जानकारी के लिए यह भी बताना चाहूंगा कि इस बारे में वर्ष 2009 में हम एक्ट लेकर आये जिसमें 15 मई से पहले पहले साठी की अरली वैरायटी की पौध तैयार की जाती थी और 15 जून तक उसकी पौध की प्लांटेशन की जाती थी उसको हमने बैन कर दिया। साठी की अरली वैरायटी में पानी का ज्यादा उपयोग होता था। इसके अतिरिक्त ड्रिप इरीगेशन को सब्सिडी देकर हम प्रोमोट करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा और भी कुछ स्कीमें हैं जैसे स्प्रिंकलर्ज की हैं और इसके अलावा कुछ भारत सरकार की स्कीमें भी हैं। इसके अलावा यू.जी.पी.एल. (Underground Pipeline) और वाटर सेविंग्ज के लिए वाटर लैवलर स्कीम को हम प्रोमोट कर रहे हैं जिससे पानी की बचत हो सकेगी और जो वाटल लैवल नीचे चला गया है उसको रोकने में यह स्कीम सहायक होगी। इसके अलावा क्रॉप डायवर्सिफिकेशन के बारे में स्कीम है। जो फसलें कम पानी की होती हैं जैसे मकई, दालें और गवार उनको भी हम प्रोमोट कर रहे हैं। एक मेन बात यह है कि एक मॉडल बिल जोकि इन स्कीमों को रेगूलेट करेगा उसको सरकार को जल्दी ही विभाग द्वारा पुट अप कर दिया जायेगा। इसके बारे में विभाग की आठ मीटिंग्ज हो चुकी हैं। इसमें कई विभागों की स्कीमें शामिल हैं जैसे एग्रीकल्चर विभाग, रूरल डिवलपमैंट, इरीगेशन विभाग, पब्लिक हैल्थ विभाग और फॉरैस्ट विभाग है। इस बिल के लिए सारे ही विभाग सीरियस हैं और इस बिल को लाने के लिए कोशिश कर रहे हैं। इसलिए यह बिल फाइनल स्टेज पर है और विभाग के विचाराधीन है और जल्दी ही सरकार को पुट अप कर दिया जायेगा।

प्रो. सम्पत सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने अपने जवाब में रेगूलेटरी अथोरिटी का जिक्र किया है। माननीय मंत्री जी ने कहा है कि रेगूलेटरी एथोरिटी बनाने के लिए मामला अण्डर कन्सीडिरेशन है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि रेगूलेटरी अथोरिटी बनाने के लिए मामला कब से अण्डर कन्सीडिरेशन है क्योंकि

यह बहुत पुरानी बात हो गयी है। जब रामपाल माजरा जी ने भी एक प्राईवेट मैम्बर रेजोलूशन सदन में रखा था उस समय भी सरकार की तरफ से यही जवाब आया था कि Haryana State Ground Water Management and Regulation Act हम बनाने जा रहे हैं। सर, इसको बनाने में इतना समय क्यों लग रहा है इसको तो फटाफट बनाया जाये। सर, मैं माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे सिरसा के घग्गर के खरीफ चैनल के लिए 150 करोड़ रूपये खर्च किए हैं जिससे 1500 क्यूसिक पानी का फायदा उस एरिया को होगा। मैं यह कहना चाहता हूं कि इसी प्रकार से हम क्यों न यमुना नदी के लिए भी चैनल बनायें क्योंकि बहुत से एरिया की यह डिमाण्ड है। इससे वाटर की रिचार्जिंग भी होगी और जो वाटर वेस्ट जा रहा है वह नहीं जायेगा क्योंकि यमुना नदी पर कोई बान्ध तो है नहीं। कहीं भी जैसे किसाऊ, रेणुका और लखवार ब्यासी जितने भी बांध हैं हम उनके बारे में हर बार कहते हैं कि यह हो गया वह हो गया। लेकिन पिछले 15 साल से वहां पर कुछ भी काम नहीं हुआ है। हम पानीपत के पास पानी की स्टोरेज के लिए एक खरीफ चैनल बना सकते हैं। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या हम ऐसा कुछ कर सकते हैं या नहीं। इसी प्रकार जैसे कोटला झील और बीबीपुर झील हैं उसी प्रकार की हमारी दूसरी लेक्स हैं। उन लेक्स की आगे बढोत्तरी की जाए ताकि वाटर की रिचार्जिंग हो सके। माननीय मंत्री जी ने अपने जवाब में कहा कि इस काम के लिए काफी विभाग शामिल हैं। उपाध्यक्ष महोदय, हमारे जो गाँवों में जोहड़ हैं उनके कैचमैंट एरिया खत्म हो गये हैं। इसी प्रकार से जो गऊ चारा जमीन है वह साढे चार हजार एकड़ में हैं। यह सारी जमीन आज कब्जे में है। इसका मतलब तो जोहड़ो का जो कैचमैंट एरिया है वह तो खत्म है। क्या हम उस जमीन को रेस्टोर करके जोहड़ों के कैचमैंट एरिया को नहीं बढ़ा सकते ताकि जो जोहड़ हम खोदते हैं उनका यूटीलाईजेशन हो सके। उपाध्यक्ष महोदय, मैंने आपके माध्यम से ये तीन-चार बातें पूछी हैं। अगर मंत्री जी की तरफ से इनका जवाब आ जाता है तो फिर मैं एक दो बातें और पूछना चाहूंगा।

सरदार परमवीर सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, जैसा कि मैंने बताया कि इस मॉडल बिल के बारे में सारे विभाग ही सीरियस हैं। इसके बारे में काफी मीटिंग्ज हो चुकी हैं। जो ड्राफ्ट है वह बिल्कुल तैयार है और इस ड्राफ्ट को जल्दी ही सरकार के पास पुट अप कर दिया जायेगा। सारे विभाग अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे हैं। जैसा कि माननीय सदस्य ने कहा कि यमुना नदी में जो बाढ़ आती है उसके पानी की कन्जर्वेशन हो जाए तो पानी की काफी बचत हो सकती है। उसके लिए मैं अपने विभाग की तरफ से इरीगेशन मिनिस्टर को जरूर लिखूंगा। माननीय सदस्य का जो सुझाव है उसके बारे में मैं संबंधित विभागों को अपने महकमे की तरफ से लिखूंगा। माननीय सदस्य के अच्छे सुझाव हैं। झील के मामले में भी मैं इरीगेशन मिनिस्टर को अपने विभाग की तरफ से झील बनाने के लिए रिकमैण्डेशन के साथ लिखूंगा।

प्रो. सम्पत सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, कैचमैंट एरिया की वजह से जोहड़ों में पानी आ जाता है। मनरेगा के तहत जोहड़ तो खुदवा दिए गए। जोहड़ इसलिए खुदवाए गए थे ताकि वाटर रिचार्जिंग वगैरह हो लेकिन जोहड़ कैचमैंट एरिया न होने की वजह से खाली पड़े हैं। उपाध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहूंगा कि कैचमैंट एरिया के कब्जे को हटवाया जाए। इसके लिए मैं नही कहता कि किसी के मकान वगैरह गिराए जाएं लेकिन अगर किसी ने बाड़, बटोड़े

[सरदार परमवीर सिंह]

आदि बनाकर कैचमैंट एरिया रोक रखा है तो उनके कब्जों को हटवाया जाए, इसमें डिवैल्पमैंट एण्ड पंचायत डिपार्टमैंट भी शामिल हो जाएगा। ऐसे कब्जों को हटाया जाए ताकि कैचमैंट एरिया रह जाए। उपाध्यक्ष महोदय, इसी तरह मैंने लेक वगैरह का भी जिक्र किया था यह भी बहुत जरूरी है। चड्ढा साहब, यहां बैठे नही हैं लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि हमारी जितनी भी नहरें हैं उनका सीपेज का जो पानी जा रहा है उसका कोई फायदा नहीं हो रहा है बल्कि पानी खारा हो रहा है तथा और ज्यादा खराब हो रहा है। इसकी प्वांयटिंग वगैरह कर दी जाती है लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि प्वांयटिंग से बात नहीं बनती बल्कि सीमेंट का प्लास्टर करना चाहिए। ऐसी नहरों में जैसे जे.एल.एन. नहर है, झज्जर जिले के हमारे साथी यहां बैठे हैं उनको पता है कि वहां आधे एरिया में सूखा है और आधे में सेम है और पानी जो खारा है वह जे.एल.एन. की सीपेज की वजह से है। ऐसी नहरों पर क्यों न प्लास्टर लगाया जाए या फिर आजकल जैसे लोग छत्तों पर तारकोल वगैरह यूज करते हैं या कोई इस तरह का सिस्टम बनाया जाए ताकि सीपेज बन्द हो। सीपेज बन्द होने से पानी में बढ़ोतरी होगी और ज्यादा पानी मिलेगा तथा लोग टयूबवैल का पानी कम यूज करेंगें तथा इससे पानी की बचत हो सकेगी। उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार इस बारे में इरीगेशन डिपार्टमैंट को लिखेगी।

सरदार परमवीर सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, वाटर कंर्जवेशन बहुत इम्पोर्टैंट है इसलिए माननीय सदस्य के जो सुझाव हैं उस बारे में हम इरीगेशन मिनिस्टर को लैटर लिख देंगें और इस बारे में जो हो सकेगा हम जल्दी से जल्दी करवाने की कोशिश करेंगें।

श्री कृष्ण लाल पवार : उपाध्यक्ष महोदय, इस ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में मडलौडा और इसराना ब्लाक का भी जिक्र आया है। मडलौडा में सुताना गांव आता है। पानीपत थर्मल प्लांट की ऐशडैक की वजह से सुंताना गांव की सैंकड़ों एकड़ जमीन पर किसान बिजाई नहीं कर सकते इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि क्या सरकार कोई डीप टयूबवैल या कोई और प्रबंध करके किसानों की जमीन को उपजाऊ बनाने का काम करेगी।

सरदार परमवीर सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य इस बारे में लिखकर भेज दें इस विषय में हम जो कुछ कर सकेंगें वह जरूर करेंगें।

(ii) ध्यानाकर्षण प्रस्ताव तथा उन पर वक्तव्य

Mr. Deputy Speaker : Hon'ble Members, I have received a Calling Attention Motion Notice No.9 from Shri Sampat Singh, MLA regarding road accidents in Haryana. I have admitted it. He may read out his notice.

श्री सम्पत सिंह : महोदय, मैं इस महान सदन का ध्यान एक अत्यावश्यक तथा अति लोक महत्व के विषय की ओर दिलाना चाहता हूँ कि इस समय हरियाणा का सड़क यातायात सुरक्षित नहीं है। इसके प्रमुख कारण हैं : असमतल तथा खराब रख-रखाव की सड़कें, खराब

रख-रखाव के दोषपूर्ण वाहन तथा अकुशल तथा अतिभारित चालक। वाहन संचालन व्यवहार भी सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है तथा 50 से 60% सड़क दुर्घटनाएं मानवीय गलती से हुई मानी जाती हैं। राज्य से गुजरने वाले राष्ट्रीय तथा राज्य राजमार्गों पर अत्याधिक गति के वाहन तथा यातायात के नियमों का उल्लंघन भी बहुत बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाओं तथा घातक चोटों के लिए सहायक है।

2013 के दौरान, 10134 सड़क दुर्घटनाओं में से 4383 व्यक्तियों ने अपनी जान गंवाई जबकि 9182 व्यक्ति घायल हो गए थे। प्रतिदिन 28 सड़क दुर्घटनाओं में 12 मौतों, 25 घायलों से भी अधिक की औसत है। 2012 के दौरान 10065 सड़क दुर्घटनाओं में 4598 से भी अधिक व्यक्तियों ने अपनी जान गंवाई जबकि 9452 व्यक्ति घायल हुए थे। हरियाणा की औसत 12.60 मौतें प्रतिदिन की तुलना में, राष्ट्रीय मृत्यु औसत 381 प्रतिदिन थी। स्पष्टतय: राष्ट्रीय औसत अर्थात् 8.53 मौतें प्रतिदिन की तुलना में उतनी ही जनसंख्या पर हरियाणा में औसत बहुत ज्यादा 12.60 मौतें प्रतिदिन है। सबसे ज्यादा शिकार 25 प्रतिशत दुपहिया वाहन सवार हैं। दुर्घटनाओं से हुई राष्ट्रीय मृत्यु औसत मुख्यत: अप्राकृतिक कारणों के कारण सड़क दुर्घटनाएं 37.2 प्रतिशत के विरूद्ध हरियाणा में 46.9 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त, सड़क दुर्घटनाओं के लगभग आधे शिकार 15 से 44 वर्ष की आयु वर्ग के हैं।

इसका दोष मोटर वाहन चालकों की वाहन संचालन की आदत को दें या तनाव तथा अतिश्रम को दोष दें जिनमें वे वाहन चलाते हैं या यातायात नियमों को सख्ती से लागू न करने के लिए हरियाणा पुलिस की भूमिका पर शिथिलता को दोष दें, परन्तु यह दुर्घटनाओं की चौंकाने वाली भारी संख्या अस्वीकार्य है।

हरियाणा में सड़क दुर्घटनाओं की अधिक संख्या के अन्य कारण कमजोर दृष्टि, तीव्र गति तथा यातायात के नियमों का उल्लंघन थे। हरियाणा के राजमार्गों पर बहुत भीड़ है। हरियाणा परिवहन के चालक अंधाधुंध वाहन चलाने के लिए बदनाम हैं। मैक्सी कैबों, चौपहिया वाहनों तथा तिपहिया वाहनों की अनुशासनहीनता तथा अनियंत्रित संचालन भी इन दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। हरियाणा की सड़कों पर लोग चलते हुए डरते हैं।

पुलिस सड़क सुरक्षा कार्यक्रम 'सजग रहो' आरम्भ करके जनता के सहयोग से ट्रैक्टर ट्रालियों, दुपहिया वाहनों तथा तिपहिया वाहनों के संचालन को सुव्यवस्थित कर सकती है तथा सड़क सुरक्षा उपायों के रूप में वाहनों को रेट्रो-रिफलेक्टिव टेप नि:शुल्क दे सकती है जिसके लगाने से उन्हें विशेषकर रात को तथा कोहरे के दिनों के दौरान व्यस्त सड़कों पर परिवहन के सुरक्षित ढंग में सहायता मिलेगी। महत्वपूर्ण मार्गों के सभी चार भुजायुक्त विभाजकों पर तथा प्रत्येक लेन को कवर करने वाले 24 घण्टे चलने वाले कैमरे होने चाहिएं। कैमरे उनके सीमित प्रयोग के क्षणों में ही यातायात के उल्लंघनों को जांच लेते हैं। अत्यधिक तीव्र गति तथा ट्रैफिक लाइट के उल्लंघन के अधिकतर मामले रात को तथा छुट्टी के दिनों के दौरान होते हैं। ऐसे उल्लंघन सड़क के व्यस्त समय न होने (नॉन पीक आवर) के दौरान भी होते हैं क्योंकि सामान्यत: उस समय पुलिस की कम उपस्थिति होती है।

पुलिस को खतरनाक वाहन चलाने की अधिक सख्त धारा, जिनमें सजा के रूप में जेल का प्रावधान है, के अन्तर्गत अत्यधिक तीव्र गति पाये जाने पर उल्लंघनकर्त्ताओं को बुक

[प्रो० सम्पत सिंह]

करना शुरू करना चाहिए। आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया जाता है कि शराब पीकर वाहन चलाना, अत्यधिक तीव्र गति तथा ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन ही निरंतर घातक दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण रहे हैं।

इसी प्रकार बिना हेलमेट के वाहन चलाना, अत्यधिक तीव्र गति, ट्रैफिक लाइट जम्प करना तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन प्रयोग करना ट्रैफिक उल्लंघन के चार्ट के शिखर पर हैं।

यातायात प्रबन्धन आज एक विकसित तकनीकी विषय है परन्तु यातायात पुलिस बल के पास विशेषज्ञों सहित तकनीकि विंग नहीं है। जो व्यक्ति पुलिस बल के मुख्य पदों पर सीमित अवधि के लिए आते हैं, उन्हें इस क्षेत्र का ज्ञान नहीं होता।

उन्होंने आगे यातायात प्रबन्धन अवसंरचना का दर्जा बढ़ाने के लिए कुछ सुझाव दिए हैं कि यातायात पुलिस को चालकों तथा प्रबन्धकों के साथ बैठकें करके स्कूल वाहनों का निरीक्षण करना चाहिए। इन वाहनों में यात्रा करने वाले छात्रों की संख्या निर्धारित सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए। तीन बार नियमों का उल्लंघन तथा लापरवाही का दोषी पाये जाने पर चालकों के लाईसेंस खत्म होने चाहिएं। पद यात्रियों को सड़क के बीच लगाए गए लोहे की रेलिंग को पार करने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। सम्बन्धित प्राधिकारियों को सुनिश्चित करना चाहिए कि तीव्र गति के वाहनों से सम्मिलित सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के क्रम में राजमार्गों पर प्रत्यक्षरूप से विभिन्न निर्माणों की सभी अवैध पहुंच को रोकना चाहिए। कौन सा वाहन किस लेन में चलाना चाहिए, के सम्बन्ध में कोई दुविधा नहीं होनी चाहिएं। बसों तथा आपातकालीन वाहनों के लिए एक समर्पित लेन आरक्षित होनी चाहिए तथा आपातकालीन वाहनों की लेन को अन्य वाहनों से मुक्त रखा जाना चाहिए। बिना बीमा किए वाहन जब्त किए जाने चाहिएं। सड़क के दोनों ओर सजे संवरे तथा सजावट वाले पेड़ों से यह सुनिश्चित होना चाहिए कि उन से सड़क पर चिह्न (रोड साईन) तथा ट्रैफिक सिग्नलों (यातायात संकेतों) के दिखने में बाधा न हो। सड़कों, गलियों तथा समुचित पार्किंग स्थानों से अतिक्रमण हटाने के लिये रेहड़ी, रिक्शा, लिपहिया वाहनों तथा वाणिज्यिक वाहनों के लिए स्थान समुचित रूप से चिन्हित होना चाहिए। अतिभारित भारी वाहन, नशा लेकर वाहन संचालन, बिना हैलमेट तथा बिना सीट बैल्ट तथा वाहन संचालन के दौरान मोबाइल फोन के प्रयोग की पूरी तरह से मनाही होनी चाहिए। जहां तक कि पुलिस महानिदेशक ने भी वैबसाईट पर यह स्वीकार किया है कि 2001-2006 वर्ष के दौरान दुर्घटना, मृत्यु तथा घायलों की दर काफी कम हुई थी जबकि वर्ष 2007 में जब यातायात पुलिस स्टेशनों का नियंत्रण जिला पुलिस को सौपा गया था, इन दुर्घटनाओं, मृत्यु तथा घायलों की दर में वृद्धि हुई है जैसा कि वेबसाइट में दिये गये आंकड़ों से प्रमाणित है।

मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि इस संबंध में सदन के पटल पर एक वक्तव्य देकर अपनी स्थिति स्पष्ट करे।

परिवहन मंत्री (श्री आफताब अहमद) : उपाध्यक्ष महोदय, यह ध्यानाकर्षण सूचना, हरियाणा

राज्य में सड़क सुरक्षा, दुर्घटनाओं, यातायात प्रबन्धन और यातायात के नियमन से सम्बन्धित है।

हरियाणा राज्य की आर्थिक समृद्धि व सामाजिक विकास में सड़क परिवहन की महत्वपूर्ण भूमिका है। लेकिन राज्य में निरन्तर बढ़ रहा वाहनों का घनत्व, वाहनीकरण में बढ़ोतरी, बढ़ती जनसंख्या, तीव्र औद्योगिकीकरण और राज्य का तीव्र गति से बढ़ता आर्थिक विकास सड़क दुर्घटनाओं, दुर्घटनाओं में मौतों तथा चोटों के लिए मुख्य रूप से जिम्मेवार है। राज्य के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वाहनों के अत्यधिक घनत्व के कारण भी सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है।

यह लोकहित का एक अति महत्वपूर्ण व अत्यावश्यक विषय है। राज्य सरकार इस ज्वलन्त विषय के प्रति अति गंभीर है। अतः इस पर एकीकृत रूप से कार्य करने के लिए राज्यस्तर पर माननीय परिवहन मंत्री, हरियाणा की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें राज्य के विभिन्न विभागों व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को शामिल किया गया है। इसके अलावा, वित्तायुक्त तथा मुख्य सचिव, परिवहन विभाग, हरियाणा की अध्यक्षता में राज्य स्तर पर एक समन्वय समिति का गठन किया गया है। इन समितियों द्वारा विभिन्न सहभागियों जैसे- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्रबंधन, रेलवे, यातायात, लोक निर्माण विभाग (बी एण्ड आर), पुलिस, स्वास्थ्य, विद्युत, वन, स्थानीय निकाय के विभागों तथा हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एच.एस.ए.एम.बी.) इत्यादि के कार्यों का जमीनी स्तर पर मूल्यांकन करने के लिए नियमित बैठकें की जाती हैं।

सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली असामयिक मौतों, चोटों तथा उत्पादन की क्षति से अत्याधिक मानवीय वेदना होती है तथा सामाजिक-आर्थिक कीमत भी चुकानी पड़ती है। यह सही है कि वर्ष-2013 के दौरान हुई कुल 10,134 सड़क दुर्घटनाओं में 4383 लोगों ने अपनी जान गंवाई, जबकि 9182 लोग घायल हुए। परन्तु यह कहना सही नहीं है कि हरियाणा की सड़कें यातायात के लिए सुरक्षित नहीं हैं। यद्यपि यह कहना सुखद है कि पिछले पांच वर्षों में वाहन संख्या तथा जनसंख्या में लगातार वृद्धि के उपरान्त भी राज्य में होने वाली कुल सड़क दुर्घटनाओं में वास्तविक कमी आई है। सड़क यातायात तथा राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संग्रहित आंकड़ों के अनुसार वर्ष-2009, 2010, 2011, 2012 तथा 2013 में हरियाणा में मारे गये तथा घायल हुए कुल व्यक्तियों की संख्या इस प्रकार है :-

क्रम संख्या	वर्ष	दुर्घटनाओं की संख्या	मृतकों की संख्या	घायलों की संख्या
1	2009	11915	4603	10481
2	2010	11195	4719	9905
3	2011	11128	4762	9727
4	2012	10065	4446	9452
5	2013	10134	4383	9182

[श्री आफताब अहमद]

हरियाणा, उसके समकक्ष अन्य राज्यों तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्रति एक लाख जनसंख्या तथा प्रति दस हजार वाहनों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं के तुलनात्मक आंकड़े इस प्रकार हैं :-

क्रम संख्या	राज्य	सड़क दुर्घटनाएं/प्रति एक लाख जनसंख्या				सड़क दुर्घटनाएं/प्रति दस हजार वाहनों		
		2009	2010	2011	2012	2009	2010	2011
1	हरियाणा	48.4	44.7	43.9	38.9	26.9	23.4	20.7
2	गोवा	251.7	266.7	312.8	237.3	61.8	62.9	57.7
3	गुजरात	54.0	51.7	50.0	46.7	28.2	25.4	23.2
4	केरल	104.0	102.2	105.5	103.9	72.9	65.0	58.0
5	कर्नाटक	77.7	78.7	73.2	74.0	65.0	51.1	45.0
6	महाराष्ट्र	65.7	64.2	60.9	58.1	49.8	45.2	39.3
7	तमिलनाडू	91.3	97.0	91.3	99.8	47.2	46.2	42.1
8	आन्ध्र प्रदेश	52.4	53.1	52.2	49.7	54.1	50.0	43.3
9	**राष्ट्रीय औसत**	**41.9**	**42.5**	**41.1**	**40.6**	**42.3**	**39.1**	**35.1**

उपरोक्त आंकड़े दर्शाते हैं कि हरियाणा में प्रति एक लाख जनसंख्या तथा प्रति दस हजार वाहनों पर हुई सड़क दुर्घटनाएं न केवल समकक्ष राज्यों से कम हैं, अपितु राष्ट्रीय औसत से भी कम हैं।

सड़क यातायात तथा राजमार्ग मंत्रालय की वैब साइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2012 के दौरान हरियाणा में प्रति एक लाख जनसंख्या पर सड़क दुर्घटनाओं में हुई मृतक दर राष्ट्रीय औसत 11.4 के मुकाबले में 17.2 है, जबकि प्रति एक लाख जनसंख्या पर सड़क दुर्घटनाओं में हुए घायलों की दर राष्ट्रीय औसत 42.2 के मुकाबले में हरियाणा में 36.6 है। उपरोक्त आंकड़े दर्शाते हैं कि वर्ष 2012 के दौरान हरियाणा में सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की दैनिक औसत 12.6 है, जबकि इसकी तुलना में समान जनसंख्या पर राष्ट्रीय औसत 8.35 प्रतिदिन है। हालांकि पिछले पांच वर्षों के आंकड़ों से प्रतीत होता है कि इस दिशा में निरन्तर सुधार हो रहा है।

हरियाणा की सड़कों पर वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वित्तीय वार्षिक आंकड़े इस प्रकार है :-

दिनांक तक	पंजीकृत वाहनों की कुल संख्या
31.03.2001	19,23,104
31.03.2005	28,53,667
31.03.2006	30,87,026

31.03.2007	35,38,297
31.03.2008	39,73,791
31.03.2009	44,25,221
31.03.2010	47,91,825
31.03.2011	53,77,003
31.03.2012	59,78,110

राज्य सरकार अपने नागरिकों को सुगम और सुरक्षित यातायात प्रवाह उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विस्तृत अध्ययन किए गए हैं तथा कई शैक्षणिक, ढांचागत, रचनात्मक, अभियांत्रिकी, नियामक, चिकित्सात्मक तथा दंडात्मक कदम उठाए गए हैं।

सड़क दुर्घटनाओं के पीछे मुख्य कारकों तथा परिस्थितियों को व्यापकरूप से मानवीय कारकों, तकनीकी कारकों, सड़क तथा सड़क वातावरण कारकों, यांत्रिक कारकों, मौसम अवस्थाओं तथा दृश्यता परिस्थितियों के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। वाहन चालकों की आदतें, वाहन चलाते समय थकान तथा तनाव, तीव्रगति, प्रतिकूल मौसम परिस्थितियां, यातायात प्रबंधन के लिए जिम्मेवार लोगों की ढिलाई, सड़क तंत्र में खामियां, सड़क की अपर्याप्त चौड़ाई, खराब सड़क सतह, यातायात शिक्षा तथा सभ्य संवेदना की कमी सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मानवीय जीवन की क्षति तथा चोटों के मुख्य कारण हैं।

ट्रक तथा मैक्सी कैब के चालकों की दृश्यक्षमता को जांचने तथा उपचार के लिए नियमित तौर पर चिकित्सा विशेषज्ञों के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। आवश्यतानुसार उन्हें चश्में भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वर्ष 2013 में ऐसे कुल 15 नेत्र शिविर आयोजित किए गए हैं तथा चालू वर्ष 2014 के दौरान 15 चिकित्सक तथा 30 चिकित्सा सहायकों की मदद से 7 ऐसे शिविर आयोजित किए गए हैं जिनमें लगभग 1744 वाहन चालकों का दृष्टि परीक्षण किया गया।

लापरवाही से वाहन चलाने पर हरियाणा राज्य परिवहन के चालकों के भी चालान किए जाते हैं। वर्ष 2012 तथा 2013 के दौरान क्रमश: 90 तथा 50 ऐसे वाहन चालकों के चालान किए गए।

सड़क पर वाहन की चलने की उपयोगिता, सड़क सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण तथ्य है। 14 करोड़ रुपये की केन्द्रीय वित्तीय सहायता से रोहतक जिला में एक स्वचालित 'निरीक्षण एवं प्रमाणक केन्द्र' की स्थापना का निर्णय लिया गया है। यह केन्द्र वाहनों की उपयोगिता तथा सड़क पर चलने की योग्यता की जांच करने के लिए परिष्कृत मशीनों से सुसज्जित होगा। रोहतक, बहादुरगढ़ तथा कैथल में चालन तथा यातायात अनुसंधान संस्थान ने कार्य करना आरम्भ कर दिया है। भिवानी में 'चालन तथा यातायात अनुसंधान' (आई.डी.टी.आर.) निर्माणाधीन है। जबकि नूंह में एक और 'चालन तथा यातायात अनुसंधान संस्थान' स्थापित करने की योजना है।

तेज गति से वाहन चलाना भी सड़क दुर्घटनाओं का एक मुख्य कारण है। गति सीमा

[श्री आफताब अहमद]

से अधिक गति पर चलने वाले वाहनों की गति पर नियन्त्रण के लिए राजमार्गों पर राडार उपकरणों से लैस 32 इंटरसेप्टर वाहनों को तैनात किया गया है। कानून का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान किए जा रहे हैं। वर्ष 2011, 2012 व वर्ष 2013 के दौरान क्रमश: 106010, 98725 तथा 72060 वाहनों का गति सीमा का उल्लंघन करने पर चालान किया गया है।

वर्तमान में राज्य से गुजरने वाले मुख्य राजमार्गों की चौड़ाई भारी यातायात के आयतन के लिए पर्याप्त नहीं है। राज्य सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 1, 2, 8 व 10 को चौड़ा व सुदृढ़ करने के लिए केन्द्र सरकार के समक्ष मामला उठाया है। इन राजमार्गों पर या तो कार्य चल रहा है या योजनाधीन है। इसके अतिरिक्त 2005 से 2014 तक 1149 करोड़ रुपयों की लागत से 42 रोड ओवर ब्रिज/रोड अण्डर ब्रिज का निर्माण किया जा चुका है व 896 करोड़ रुपये की लागत के 29 रोड ओवर ब्रिज/रोड अण्डर ब्रिजज़ निर्माणाधीन हैं, जबकि 895 करोड़ रुपये की कीमत के 33 रोड ओवर ब्रिजिज़/रोड अण्डर ब्रिजिज़ रेलवे की कार्यक्रम सूची में शामिल हैं व इन्हें निकट भविष्य में कार्यान्वित किया जाएगा।

वर्ष 2005 से कुल 209 करोड़ रुपये लागत के 124 पुलों को पूरा कर दिया गया है, 88 करोड़ रुपये की लागत के 26 पुल निर्माणाधीन हैं व 28 पुलों का निर्माण किया जाना है।

उपरोक्त के अतिरिक्त, राज्य सरकार, राजमार्ग विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न राजमार्गों के उत्थान के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से विचार-विमर्श चल रहा है। वर्तमान में 3300 करोड़ रुपये के कार्य सम्पूर्ण हो चुके हैं, 5800 करोड़ रुपये के कार्य चल रहे हैं व 4500 करोड़ रुपये के कार्य योजनाधीन हैं। 165 किलोमीटर लम्बी 'पानीपत-गोहाना-रोहतक-बावल' (रा.मा. 71क) सड़क को 1457 करोड़ रुपये की लागत से चार लाइनों में बनाया जा चुका है। 118 किलोमीटर लम्बी रोहतक-जीन्द-नरवाना-पंजाब सीमा सड़क को 725 करोड़ रुपये की लागत से चार लाइनों में बनाया जा रहा है। लगभग 1100 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 95 किलोमीटर लम्बी अम्बाला-कैथल सड़क के लिए भी निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी हैं।

1214 करोड़ रुपये की लागत वाली 152 किलोमीटर लम्बी, 24 बाईपास सड़कें पूरी की जा चुकी हैं। 185 करोड़ रुपये की लागत वाली 73 किलोमीटर लम्बी, 7 बाईपास सड़कों का कार्य निर्माणाधीन है व 18 बाईपास योजनाधीन हैं।

पैदल यात्रियों की सुरक्षा हेतु दिल्ली-गुड़गांव एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग-1 पर पानीपत शहर में तथा रोहतक और हिसार शहरों में पैदल उपरगामी पुलों का निर्माण किया गया है।

मैक्सी कैब व तिपहिया इत्यादि वाहनों की गैर-अनुशासित व अनियन्त्रित कार्यकलापों के विरुद्ध यातायात पुलिस कड़ी कार्यवाही करती है। निम्नलिखित मैक्सी कैब व तिपहिया वाहनों का चालान किया गया है :-

क्रम संख्या	वाहन	2011	2012	2013
1	मैक्सी कैब	14408	22484	16436
2	तिपहिया वाहन	32351	77554	157006

माननीय सदस्य द्वारा दिए गए सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम 'दृश्यमान रहो' में सुझाई गई गतिविधि, जिसमें ट्रैक्टर-ट्रॉली, दुपहिया वाहन, तिपहिया वाहन इत्यादि को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के तहत 'पूर्व परावर्तक पट्टियां' लगाए जाने का जिक्र है, एक सतत प्रक्रिया है जो पहले से ही की जा रही है। शहर के मुख्य चौराहों पर कैमरों को लगाने सम्बन्धी प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है तथा कुछ शहरी क्षेत्रों में कार्य पहले से ही चल रहा है।

यातायात का नियमन सदैव हरियाणा पुलिस की प्राथमिकता रहा है। राज्य में सुगम परिवहन को सुनिश्चित करने हेतु यातायात प्रबन्धन के लिए 1665 पुलिसकर्मियों, जिनमें एक संयुक्त पुलिस आयुक्त, चार उप-पुलिस आयुक्त/अधीक्षक, 10 उप-पुलिस अधीक्षक, 25 निरीक्षक, 198 गैर-राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व 1427 अन्य पुलिस पदाधिकारियों को तैनात किया गया है। निकट भविष्य में 12 हजार नए सिपाहियों की भर्ती के बाद यह संख्या और बढ़ जाएगी।

प्रदेश में यातायात के नियमित संचालन व निगरानी के अतिरिक्त, समय-समय पर अतिभार वाले, गतिसीमा का उल्लंघन करने वाले व शराब पीकर वाहन चलाने वाले इत्यादि पर रोक लगाने के लिए नियमित तौर पर विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। यातायात के नियमों/कानूनों का पालन न करने वाले विभिन्न श्रेणियों के वाहनों के किए गए चालान इस प्रकार है :-

क्रम संख्या	अपराध	2011	2012	2013
1	शराब पीकर वाहन चलाने पर	15736	29564	19396
2	बिना हैलमेट के वाहन चलाने पर	247679	290451	332599
3	बिना सीटबैल्ट के वाहन चलाने पर	103848	163341	118179
4	गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन प्रयोग करने पर	9718	15465	12886
5	यातायात बत्ती की उल्लंघना करने पर	21070	37945	52548
6	गतिसीमा की उल्लंघना करने पर	106010	98725	72060
7	बीमा रहित वाहनों के	88037	73041	64094

निर्माण सामग्री से भरे अतिभार वाले वाहन बहुत सी सड़क दुर्घटनाओं के कारण होते हैं व सड़कों को भी काफी नुकसान पहुंचाते हैं। पुलिस 'मोटर वाहन अधिनियम' व 'जन सम्पत्ति

[श्री आफताब अहमद]

(क्षति अवरोधक) अधिनियम' के प्रावधानों के अंतर्गत अतिभार वाले वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर रही है। दिनांक 01.02.2013 से 31.01.2013 तक कुल 547 अतिभार वाले वाहनों का चालान किया जा चुका है। वर्ष 2013 में दिनांक 01.01.2013 से 31.12.2013 तक लोक सम्पत्ति (क्षति अवरोधक) अधिनियम के अंतर्गत कुल 1150 केस दर्ज किए गए हैं व वर्ष 2014 के जनवरी में दिनांक 01.01.2014 से 31.01.2014 तक 114 मामले दर्ज किए गए हैं।

पीड़ित व्यक्ति की मृत्यु या घायल होने पर दुर्घटना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं क्रमशः 304क/338 तथा 337/336 व 279 के तहत मुकदमें दर्ज किए जाते हैं।

वर्ष 2008 से वर्ष 2012 तक वर्षवार आंकड़े निम्नानुसार है :-

क्रम संख्या	वर्ष	कुल दर्ज मुकदमें	जानलेवा मुकदमों में सजा दर
1	2008	11596	22.7
2	2009	11915	21.5
3	2010	11195	15.5
4	2011	11128	17.5
5	2012	10065	19.3

माननीय सदस्य द्वारा दिए गए सुझाव कि "गतिसीमा का उल्लंघन करने वाले वाहनों तथा खतरनाक रूप से वाहन चलाने पर पुलिस को ऐसी सख्त धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही करनी चाहिए, जिनमें कारावास सम्बन्धी प्रावधान हो," पर विचार किया जा रहा है तथा कानूनी रूप से तर्कसंगत होने पर इसे लागू किया जाएगा।

आज के समय में यातायात प्रबंधन एक निरन्तर तकनीकी विकास का विषय है तथा इसके लिए पुलिस में 'विशेष तकनीकी शाखा' जिसमें अन्य सम्बन्धित विभागों जैसे- लो.नि.वि. (बी. एण्ड आर.), भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, स्वास्थ्य, स्थानीय निकाय, वन, विद्युत से लिए गए विशेषज्ञ होने चाहिएं।

स्कूल वाहनों के पर्यवेक्षण हेतु माननीय सदस्य द्वारा दिए गए सुझाव, जिसमें चालकों व स्कूल प्रबन्धन के साथ बैठकें करना है, को कियान्वित किया जा रहा है। नियमों की उल्लंघना व अनदेखी करने पर वर्ष 2013 में 3301 स्कूल की बसों के वाहन चालकों का चालान किया गया है। स्कूल बसों से सम्बन्धित दिशा-निर्देशों को लागू किया गया है व स्कूल प्रबन्धन के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं। वर्ष 2013 के दौरान यातायात पुलिस द्वारा स्कूल प्रबंधकों व स्कूल बस चालकों के साथ कुल 784 बैठकें आयोजित की गई हैं। समय-

समय पर वाहन चालकों के लिए रिफ्रैसर कोर्स व संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। ड्राइविंग लाईसेन्सों के निलम्बन एवं निरस्तीकरण से संबंधित आवश्यक प्रावधान मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 की धारा 20 से 22 में विदित हैं। माननीय सदस्य ने जो सुझाव पैदल यात्रियों को सड़क के मध्य लगी लोहे की रेलिंग पार करने से रोकने बारे दिए गए हैं, उन पर अमल किया जा रहा है तथा यातायात पुलिस द्वारा आयोजित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों में आम जन को भी इस संदर्भ में शिक्षित किया जा रहा है। विभिन्न भवनों से राजमार्ग पर सीधे प्रवेश, जिससे लेज गति वाहन भी प्रवेश करते हैं, के सुझाव पर लोक निर्माण विभाग (बी. एण्ड आर.) पहले ही कार्यरत है। सड़कों के साथ-साथ जहां भी सम्भव है; सर्विस लेन प्रदान की गई हैं। राजमार्गों पर सीधे प्रवेश नहीं दिए जा रहे हैं। पिछले 5 वर्षों में लोक निर्माण विभाग/ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने आवासीय क्षेत्रों में लगभग 74 किलोमीटर लम्बी सर्विस लेने बनाई हैं तथा लगभग 579 किलोमीटर सर्विस लेन का निर्माण प्रस्तावित है। राजमार्गों पर लेन में गाड़ी चलाना यातायात प्रबन्धन का एक महत्वपूर्ण अंग है। इस संदर्भ में राज्य सरकार पहले ही अधिसूचना क्रमांक 13/2/2013-टी(1) दिनांक 04.04.2013 जारी कर चुकी है। हालांकि राजमार्गों को चौड़ा एवं मजबूत करने के दौरान पंक्तिबद्ध वाहन चालन की नीति को लागू करने में कठिनाई आती है। सड़कों पर लगे पेड़ों की कटाई-छंटाई, सड़कों व गलियों पर अवैध कब्जों को हटाने, रेहड़ियों, रिक्शा, तिपहिया वाहन व व्यवसायिक वाहनों की पार्किंग के लिए उचित स्थान उपलब्ध कराना एक निरन्तर प्रक्रिया है और संबंधित विभाग इन मामलों की लगातार देख-रेख करते हैं।

यातायात के सुगम एवं सुरक्षित प्रवाह के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हमने कम्प्यूटर आधारित लाइसेन्स परीक्षण प्रणाली प्रारम्भ की है। इस प्रणाली में प्रत्येक व्यक्ति को पहले यातायात के नियमों व उप-नियमों से संबंधित परीक्षा से गुजरना पड़ता है तभी प्रार्थी प्रयोगात्मक वाहन चालन परीक्षा के लिए योग्य होता है।

वित्तीय वर्ष 2013-14 में हरियाणा पुलिस ने राज्य स्तर पर सड़क सुरक्षा यातायात प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें पूरे राज्य से स्कूलों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 7,369 स्कूलों के 24,13,137 बच्चों ने भाग लिया। इसकी सफलता को संचार माध्यमों ने विस्तृत तौर पर प्रचारित किया था तथा इससे समाज के विभिन्न वर्गों में यातायात सम्बन्धी ज्ञान का संवर्धन हुआ। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में यातायात से संबंधित कई विषय जैसे- पदयात्रियों, साईकिल, दुपहिया वाहन और कार चालकों, स्कूल बसों, सड़क पर लगे चिन्हों व संकेतों से सम्बन्धित विषय विस्तारपूर्वक शामिल किए गए थे।

सुरक्षित एवं जिम्मेवारीपूर्वक वाहन चालन, सड़क चिह्नों, मार्किंग तथा संकेतों की एक निर्देश-पुस्तिका तैयार करके राज्य के सभी विधालयों में वितरित की गई है। शराब पीकर वाहन चलाने पर रोक लगाने के लिए निरन्तर अभियान चलाए जा रहे हैं व शराबी चालकों को एल्को सैन्सर की मदद से चैक किया जा रहा है।

सड़क अभियान्त्रिकी से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करने, संयुक्त समाधान निकालने एवं यातायात का सुचारू व सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं के संभावित

[श्री आफताब अहमद]

कारणों बारे विभिन्न सहभागियों ने गहराई पूर्वक विश्लेषण किया है जिसमें राज्य स्तर पर सड़क दुर्घटना सम्भावित 1170 स्थानों की पहचान की गई है, जिनमें से 888 को दिनांक 01.01.2014 तक सुधार दिया गया है। यह एक निरन्तर प्रक्रिया है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के विश्लेषण किए जाते रहेंगे।

दुर्घटना पीड़ितों को घटनास्थल पर प्राथमिक उपचार देने व उन्हें निकटतम अस्पताल ले जाने की सुविधा है। वर्ष 2013 के दौरान कुल 13,652 दुर्घटना पीड़ितों को चिकित्सीय सहायता दी गई है।

वर्ष 2001 से 2013 में हरियाणा में हुई दुर्घटनाओं, मौतों और घायलों से संबंधित वार्षिक संख्या इस प्रकार है :-

क्रम संख्या	वर्ष	दुर्घटनाओं की संख्या	मृतकों की संख्या	घायलों की संख्या
1	2001	8393	2911	8289
2	2002	8748	2987	8321
3	2003	8690	3028	8287
4	2004	9321	3417	8643
5	2005	9298	3379	8773
6	2006	10314	4012	9118
7	2007	11998	4415	10288
8	2008	11596	4494	10570
9	2009	11915	4603	10481
10	2010	11195	4719	9905
11	2011	11128	4762	9727
12	2012	10065	4446	9452
13	2013	10134	4383	9182

उपरोक्त आंकड़ों से स्पष्ट है कि सड़क दुर्घटनाओं में मरने वाले व्यक्तियों की संख्या वर्ष 2001 से 2006 तक बढ़ी। यह वृद्धि वर्ष 2011 तक जारी रही। मरने वालों की संख्या वर्ष 2010-11 में शीर्ष तक पहुंची। तदोपरान्त यह संख्या लगातार घट रही है। इसी तरह घायल हुए व्यक्तियों की संख्या में भी वर्ष 2001 से 2006 तक वृद्धि हुई। वर्ष 2008 के दौरान यह शीर्ष पर पहुंची व उसके बाद यह संख्या भी लगातार घट रही है। यहां यह बात भी वर्णन योग्य है कि वर्ष 2001 से वर्ष 2013 के दौरान जनसंख्या में लगभग 30 प्रतिशत

बढ़ोतरी हुई है व राज्य में वाहनों की संख्या में लगभग 300 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वास्तव में वर्ष 2006 से वर्ष 2013 तक वाहनों के पंजीकरण की संख्या में हुई वृद्धि वर्ष 2001 तक पंजीकृत वाहनों की कुल संख्या के बराबर है। आंकड़े यह भी दर्शाते हैं कि वर्ष 2013 में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वाले व्यक्तियों की संख्या वर्ष 2006 में मरने वाले व्यक्तियों की संख्या के लगभग बराबर है। यदि हम जनसंख्या वृद्धि व राज्य में वाहनों की बढ़ी हुई संख्या को मध्यनजर रखें तो वर्ष 2013 में मरने वाले/चोटिल व्यक्तियों की वास्तविक दर, वर्ष 2001 की दर की तुलना में कम है। उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि यातायात दुर्घटनाओं में मृत/घायल व्यक्तियों की संख्या का कोई भी संबंध यातायात पुलिस स्टेशनों के नियन्त्रण को यातायात विंग से जिला पुलिस को सौंपने से बिल्कुल नहीं है तथा वर्ष 2001 से 2006 के दौरान हुई सड़क दुर्घटनाओं, उनमें हुई मौतों तथा घायलों की दर में कोई कमी आई थी, का भी कोई सूचक वैब साईट पर नहीं दर्शाया गया है।

सरकार की अपनी इन उपलब्धियों पर संतुष्ट होने व अपने अतीत में किए गए कार्यों के यश का गुणगान करने की कोई मंशा नहीं है। हमारा उद्देश्य आने वाले वर्षों में दुर्घटनाओं की दरों तथा मृत व घायल व्यक्तियों की संख्या को कम करने का है। इस लक्ष्य पर केन्द्रित होकर हम सड़क सुरक्षा शिक्षा एवं अनुपालन के दोनों विषयों पर कठिन परिश्रम करेंगे। सरकार को विश्वास है कि आने वाले समय में सभी सहभागी प्रदेश की सड़कों को यात्रियों के लिए और ज्यादा सुरक्षित एवं संरक्षित बनाएंगे।

प्रो. सम्पत सिंह : सर, इसमें पुलिस, ट्रांसपोर्ट, हैल्थ और पी.डब्ल्यू.डी. (बी. एंड आर.) इन चारों विभागों का अहम रोल होता है। मुझे इस बात की खुशी है कि मंत्री जी ने अपने जवाब में बताया है कि इन्होंने इन चारों विभागों की कोआर्डिनेशन कमेटी बनाई है और ये सभी विभाग मिलकर काम करेंगे तो अवश्य ही इस समस्या को दूर किया जा सकेगा। कोई भी अकेला डिपार्टमैंट इस समस्या का समाधान नहीं कर सकता। यदि हम अकेले पुलिस विभाग को इसके लिए दोष दें तो भी ठीक नहीं होगा। मैंने अपने कालिंग अटैंशन मोशन में पुलिस की बजाय रोड्ज पर ज्यादा श्रैस्ट दिया है और जो मरने के बारे में कहा है इसका मतलब हैल्थ विभाग के बारे में कहा है। सर, जितने भी ऐक्सीडैंट होते हैं इनमें 25 प्रतिशत ऐक्सीडैंट और मौतें दो पहिया वाहनों पर चलने वालों की होती हैं। इसका मेन कारण हैलमैट न पहनना होता है। जब हम दिल्ली से या चण्डीगढ़ से हरियाणा में दाखिल होते हैं तो तकरीबन लोग अपनी गाड़ी की सीट बैल्ट और दो पहिया वाहन पर हैं तो हैलमट हटा देते हैं यानि अपने प्रदेश में इंटरी करते ही ट्रैफिक रूल्ज का वायलेशन होता है। हमें अपने प्रदेश में ट्रैफिक रूल्ज को स्ट्रिक्टली लागू करना होगा। हर साल करीबन 6 से 8 लाख व्हीकल्ज के चालान होते हैं। मैं कहना चाहूंगा कि अकेले चालान करने से बात नहीं बनेगी। ट्रैफिक रूल्ज के बारे में जनता को जागरूक करने के लिए हमें एक मूवमैंट तेजी से चलानी पड़ेगी। हमें अपनी ट्रैफिक पुलिस में अच्छे अफसरों के साथ-साथ स्कूल, कालेज के वॉलैंटियर्ज और समाज सेवियों को साथ में लेकर एक मुहिम चलानी पड़ेगी तभी जाकर रोड़ ऐक्सीडैंट्स से बचा जा सकता है। यह मुहिम हफ्ता-दस दिन न चलाकर रैगूलर चलानी पड़ेगी, चाहे दिन में दो घंटे ही चलायें। क्योंकि हर साल ऐक्सीडैंट्स से करीबन 4 से 5 हजार मौतें हो जाती हैं इसके अतिरिक्त बहुत से लोग स्वीयर इन्जरीज होने के कारण अपने हाथ या पैर खो देते हैं तथा कुछ लोगों

[प्रो. सम्पत सिंह]

को पैरालिसिज भी हो जाता है जिसके कारण उनकी हालत मरने से भी बद्तर हो जाती है इसलिए इस मैटर को लेकर पुलिस विभाग को भी टाईट किया जाये। यहां सदन में भी पुलिस अधिकारी बैठे हुए हैं। मैं यह चाहता हूं कि ट्रैफिक पुलिस के अंदर यह एक रेगुलर ऐक्सरसाईज़ चलनी चाहिए चाहे इसके लिए सुबह 2-3 घंटे और इसी प्रकार से शाम के लिए भी 2-3 घंटे रख लिये जायें। इससे भी काफी सुधार हो जायेगा बजाय इसके कि साल में कभी कभी एक सप्ताह या दो सप्ताह सड़क सुरक्षा के नाम से मना लिये जायें। हम अखबारों में यही पढ़ते हैं कि सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। मैं यह कहना चाहता हूं कि सिर्फ इतने से बात नहीं बनेगी। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि इस मामले में किसी भी प्रकार का कोई कम्प्रोमाईज़ नहीं होना चाहिए। मेरे पास भी टेलीफोन आते हैं कि जिनमें लोग पुलिस वालों का हवाला देकर कहते हैं कि ये हमारा हैलमैट के लिए चालान करने जा रहे हैं आप इनको बोल दो कि ऐसा न करें इस पर मैं पुलिस वालों को यही कहता हूं कि इसको चार थप्पड़ और मारो क्योंकि आज तो चालान ही हो रहा है कहीं ऐसा न हो कि आने वाले समय में हैलमैट न होने के कारण उसको अपनी जान से ही हाथ धोना पड़े। इसके अलावा कई बार मैं स्वयं भी जब बिना हैलमैट के यंगस्टर को बाईक चलाते हुए देखता हूँ तो मैं गाड़ी रोककर उन बच्चों के सिर के ऊपर हाथ फेरकर उन्हें हैलमैट की ज़रूरत के बारे में समझाता हूं। मैं पहले तो उनसे यह पूछता हूं कि वे अपने माता-पिता के कितने बच्चे हैं अगर वे कहते हैं कि वे अकेले ही हैं तो इस पर मैं उन्हें यह कहकर समझाता हूं कि अगर उनको कुछ हो जाये तो उनके माता-पिता के ऊपर क्या गुजरेगी क्या उन्होंने इस बारे में कभी सोचने की कोशिश की है। कुल मिलाकर मेरी यही कोशिश रहती है कि वे हैलमैट की अहमियत को समझें और कभी भी बिना हैलमैट के बाईक न चलायें। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि इस प्रकार की प्रवृत्ति यंगस्टर में ज्यादा पाई जाती है इसलिए इस बात को ध्यान में रखते हुए सरकार को स्कूलों और कालेजों में इस विषय पर सेमिनार आयोजित करने चाहिएं और वहां पर पुलिस अधिकारियों के इस विषय पर भाषण करवाने चाहिएं। इसके लिए पूरे साल का वर्क सैट-अप करके एक चार्टर बनाना चाहिए। मैं डी.जी.पी. साहब को कहना चाहूंगा कि उनको अपने अधिकारियों के ध्यान में इस बात को ला देना चाहिए कि ट्रैफिक के विषय पर ध्यान देने के लिए और ट्रैफिक के सिस्टम को ठीक करने के लिए यह हमारा पूरे साल का कार्यक्रम है। इसी प्रकार से मैं मैडीकल के बारे में कहना चाहता हूं कि मैडीकल का संस्थान अम्बाला में है वहां पर बाकायदा ट्रामा सैंटर इत्यादि बनाया हुआ है लेकिन वहां पर ऐमरजैंसी सर्विसिज़ नॉन-एग्जिसटैंस हैं। वहां पर इस प्रकार की कोई सर्विस नाम की चीज़ नहीं है। इसी प्रकार से करनाल में ट्रामा सैंटर है जिसमें लाईफ सेविंग इक्विपमैंट्स का कोई बंदोबस्त नहीं है। Either your Health Centres are not well equipped with equipments or with staff. इन दोनों सैंटरज़ में यही कमी है इसीलिए लोग मरते हैं। अगर लोगों को समय पर सही और पूरा इलाज मिल जाये तो फिर ये ऐक्सीडैंटल डैथ रेट बहुत कम हो सकता है। अगर कोई बहन शकुन्तला खटक जी की तरह किसी घायल व्यक्ति को मोटर बाईक पर अस्पताल लेकर चला जाये तो इससे उसकी जान बच सकती है। मैं जानता हूं कि बहन शकुन्तला खटक जी यह काम आज भी करती हैं। अब तो 102 नम्बर एम्बूलैंस भी आ गई है और एन.आर.एच.एम. की स्कीम भी आ गई है। इसके अलावा भी बहुत कुछ

श्री अनिल विज : उपाध्यक्ष महोदय, मैं ब्रीफ में अपनी बात कहूंगा। यदि मैं ज्यादा समय लूंगा तो आप मुझे बोलने नहीं देंगे। आज हर विभाग के कर्मचारी प्रदेश में ऐजीटेशन पर हैं। हमारे विधान सभा और सैक्रेटेरियेट के कर्मचारी भी आज बहुत उत्तेजित हैं। ये भी चाहते हैं कि इन्हें भी पंजाब के बराबर वेतन दिया जाये। उपाध्यक्ष महोदय, हमारे प्रदेश में बिजली तथा ट्रांस्पोर्ट विभाग के कर्मचारी, पात्र अध्यापक, अतिथि अध्यापक, डिप्लोमा होल्डर इंजीनियर्ज और कम्प्यूटर टीचर आदि ऐजीटेशन कर रहे हैं। इन सब बातों को संभालना जनरल एडमिनिस्ट्रेशन का काम है।

श्री उपाध्यक्ष : विज साहब, अब आप बैठें।

श्री अनिल विज : उपाध्यक्ष महोदय, यदि आप बिना डिस्कशन कराये एप्रोप्रिएशन बिल पास करवाना चाहते हैं तो आपकी मर्जी है। अभी तो मैंने रैवेन्यू विभाग के बारे में भी कुछ चर्चा करनी है।

श्री उपाध्यक्ष : विज साहब, ठीक है लेकिन आप जनरल एडमिनिस्ट्रेशन पर ही बोलें। इधर-उधर की बात न करें।

श्री अनिल विज : उपाध्यक्ष महोदय, आज प्रदेश में रैवेन्यू विभाग का इतना बुरा हाल है कि जितना पैसा रैवेन्यू के रूप में सरकारी खजाने में आता है उतना ही पैसा लोगों की जेबों में जा रहा है। (विघ्न) उपाध्यक्ष महोदय, बहुत सी तहसीलों में सरकार ने आदेश जारी

[श्री अनिल विज]
करके कुछ एरियाज की रजिस्ट्रियां बैन कर रखी हैं, फिर भी 50 हजार से एक लाख रुपये लेकर उन एरियाज की रजिस्ट्रियां की जा रही हैं। (विघ्न) 4-4 करोड़ रूपये एक-एक तहसील की कमाई एक दिन में हो रही है जो कि लोगों की जेबों में जा रही है। उपाध्यक्ष महोदय, इसी तरह से सरकार ने आदेश जारी कर दिए कि रजिस्ट्री करवाने के लिए पहले संबंधित नायब तहसीलदार से टाईम लिया जाये, जिसके कारण रजिस्ट्री करवाने के लिए 15-20 दिन का समय मिलेगा। लोगों को तहसील में पैसे लेकर आना पड़ता है और आज के दिन प्रदेश में लॉ एंड आर्डर की स्थिति बहुत खराब है जिसके कारण कोई भी घटना हो सकती है। इसलिए नायब तहसीलदार से टाईम लेने वाली कंडीशन खत्म की जाये। (विघ्न)

श्री उपाध्यक्ष : विज साहब, दूसरे माननीय सदस्यों को अपनी बात कहनी है इसलिए प्लीज, अब आप बैठें।

श्री अनिल विज, एम.एल.ए. की भर्त्सना का मामला

श्री अनिल विज : उपाध्यक्ष महोदय, आप एक भी आईटम बिना डिस्कशन के पास नहीं करा सकते। अब मैं वित्त विभाग पर बोलना चाहता हूं। (विघ्न) उपाध्यक्ष महोदय, नरेश बादली जी मेरे को बार-बार डिस्टर्ब कर रहे हैं, इसलिए इनको नेम किया जाये। मैं वित्त विभाग की बात कर रहा था कि वित्त विभाग को फाइनैंसियल डिसीप्लीन को एढेयर टू करना चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय, विधान सभा सुप्रीम है, मैं मुख्यमंत्री जी की अथोरिटी को चैलेंज करना चाहता हूं कि मुख्यमंत्री जी को कोई अधिकार नहीं है कि वे बजट में पारित की हुई वस्तुओं से बाहर जाकर घोषणाएं करें। मुख्यमंत्री जी ने गोहाना रैली में जाकर 3 हजार करोड़ रुपये की घोषणा की थी। (शोर एवं व्यवधान)

श्री नरेश कुमार बादली (बादली) : उपाध्यक्ष महोदय, क्या मेरे माननीय साथी जन भावनाओं की कद्र नहीं करते। मुख्यमंत्री जी ने वे घोषणाएं हरियाणा की जनता के हितों को देखते हुए की थी और उनको पूरा भी किया जायेगा। हर वर्ग का मौलिक अधिकार है, चाहे वे कर्मचारी है, किसान है या व्यापारी है कि वे सरकार की अच्छी नीतियों का फायदा उठायें। (विघ्न)

श्री उपाध्यक्ष : प्लीज आप बैठें।

श्री अनिल विज : उपाध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जी वही अनाउंसमैंट कर सकते हैं जिनको विधान सभा ने पारित किया हो। (विघ्न) मैं तो यही कह रहा हूं कि यदि बजट में किसी चीज को पास नहीं किया है तो किसी को घोषणा करने का अधिकार नहीं है । **(इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए)** अध्यक्ष महोदय, अब मैं बिल्डिंग एंड रोड्ज के बारे में बोलना चाहता हूं। (विघ्न)

शिक्षा मंत्री (श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल) : स्पीकर सर, माननीय सदस्य यह बतायें कि ये घोषाणाएं जिन लोगों के लिए हुई हैं क्या श्री अनिल विज उनके खिलाफ हैं? क्या

ये स्वीपर, चौकीदार, नम्बरदारों और आंगनवाड़ी वर्करों के खिलाफ हैं जिनका मानदेय बढ़ाया गया? स्पीकर सर, आप श्री अनिल विज जी को बिठाएं। ये माननीय मुख्यमंत्री की अथॉरिटी को चैलेंज कर रहे हैं। इन्होंने यह कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने जो घोषणाएं की हैं इसका उनको अधिकार नहीं था। ये यह बताएं कि क्या इसका अधिकार विपक्ष को है। क्या विपक्ष का अधिकार केवल माननीय मुख्यमंत्री की खिलाफत करना ही है? ये यह भी बतायें कि जो गरीब बच्चों को स्टाईपैंड मिल रहा है, स्कॉलरशिप मिल रही है, क्या ये उसके खिलाफ हैं और उनको मुफ्त शिक्षा मिल रही है क्या ये उसके खिलाफ हैं? इसके अतिरिक्त दलितों के हित में जो फैसले हुए हैं, क्या ये इसके भी खिलाफ हैं?

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, मैं यह कहना चाहता हूं कि सी.एम. साहब को घोषणाएं करने का अधिकार है, लेकिन वही घोषणाएं करने का अधिकार है जिनका बजट विधान सभा पास कर दे। विधान सभा ने इन घोषणाओं का बजट पास नहीं किया। मैं यह कहना चाहता हूं कि विधान सभा सुप्रीम है।

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : स्पीकर सर, अगर विधान सभा का सैशन नहीं चल रहा है..... (शोर एवं व्यवधान)

विज जी, यहां पर आपका व्यवहार देखकर तो ऐसा लग रहा है कि जैसे आप ही सुप्रीम हैं। आप किसी की बात मान ही नहीं रहे हैं। You are making a noise.

Smt. Geeta Bhukkal Matanhail : Speaker Sir, as a responsible Minister, I am making the statement. How can he say that I am making false statement? (Interruption).

Shri Anil Vij : You do not know ABC. (Interruption).

Smt. Geeta Bhukkal Matanhail : You just mind your language.

श्री अध्यक्ष : विज जी, आप कृपया करके बैठ जाईये।

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : स्पीकर सर, आप माननीय सदस्य श्री विज को बोलें कि वे मेरे बारे में उन द्वारा अभी कहे गये शब्दों को वापिस लें और इसके लिए माफी भी मांगे। (शोर एवं व्यवधान) स्पीकर सर, आप इनसे माफी मंगवायें। How can he say like this about a responsible Minister?

Mr. Speaker : Mr. Vij, you should apologize. How do you know she does not know ABC? How should you know? How can you use these types of words against a Minister? She is a law graduate.

Shri Randeep Singh Surjewala : Speaker Sir, Mr. Vij should apologize. He can't use this kind of language.

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : स्पीकर सर, आप इनसे माफी मंगवायें।

Shri Randeep Singh Surjewala : Speaker Sir, he has to apologize.

Mr. Speaker : Mr. Vij, you should withdraw your words.

Shri Anil Vij : Speaker Sir, Chief Minister is not supreme, House is supreme.

Shri Randeep Singh Surjewala : Speaker Sir, he should tender apology to the Hon'ble Minister. Mr. Vij, you has to apologize to the Hon'ble Minister. श्री विज को माननीय मंत्री महोदया से माफी मांगनी चाहिए।

सहकारिता मंत्री (श्री सतपाल) : स्पीकर सर, विज जी ने जो शब्द माननीय मंत्री जी को कहे थे उन्हें वापिस लें और उनके लिए माननीय मंत्री जी से माफी मांगें। (शोर एवं व्यवधान)

श्री नरेश कुमार बादली : स्पीकर सर, माननीय सदस्य श्री विज अपने व्यवहार के लिए माननीय काबिल मंत्री महोदया जी से माफी मांगें। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, (विघ्न)

Mr. Speaker : Mr. Vij, please sit down. I am not allowing you to speak. Either you withdraw your remarks against the Minister that she does not know ABC or I will not allow you to speak. Please sit down.

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, (विघ्न)

Mr. Speaker : Mr. Vij, please sit down and withdraw your words.

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, जो मैंने कहा है वह बिलकुल सही कहा है। (विघ्न)

Mr. Speaker : Mr. Vij, please sit down and withdraw your words.

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, मैं अपने शब्द किसी भी हालत में वापिस नहीं लूंगा।

Mr. Speaker : O.K. I will name you.

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : स्पीकर सर, जब तक श्री अनिल विज माफी नहीं मांगेंगे तब तक मैं भी नहीं बैठूंगी। How can he challenge me?

Shri Randeep Singh Surjewala : Speaker Sir, he can't pass such remarks against the Hon'ble Minister. He should withdraw his words. (Interruption).

Mr. Speaker : Mr. Vij, you are not obeying the Chair. (Interruption).

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : स्पीकर सर, आज हम श्री अनिल विज जी को पूरी ए.बी.सी.डी. सिखाने के बाद ही बैठेंगे। (शोर एवं व्यवधान)

Shri Randeep Singh Surjewala : Speaker Sir, he has to tender

an apology. This type of conduct is completely unacceptable. (Interruption) He has to apologize.

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : स्पीकर सर, हाऊस में किसी को गलत स्टेटमैंट देने का कोई अधिकार नहीं है। (शोर एवं व्यवधान) श्री विज को अभी हाउस से बाहर निकाला जाये।

Shri Randeep Singh Surjewala : Speaker Sir, he can't hold this House at ransom. My due regard to you is that this is not the way that any single Member can hold this House at ransom. He can't do like this. He can't hold this House at ransom in this fashion. He can't continue to speak on an Hon'ble Minister like this.

Public Health Minister (Smt. Kiran Chaudhary) : Speaker Sir, it is very unfortunate that a Hon'ble Member has been using such language against a lady who is also a Hon'ble Minister, on the floor of the House. This is absolutely intolerable as far as this august House is concerned. These words should be taken out from the proceedings of the House immediately.

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : अध्यक्ष महोदय, मैं तब तक नहीं बैठूंगी जब तक श्री अनिल विज माफी नहीं मांग लेते। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अशोक कुमार अरोड़ा : अध्यक्ष महोदय, मैंने तो एक ही बात कही है । (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker : Mr. Arora, do you think it is proper to call a Minister who is also a lady that she doesn't know 'ABC? (noise & interruption) Who is he to call this?

Smt. Kiran Chaudhary : It is most unfortunate that the Hon'ble Member do not know even how to speak to a lady Member.

श्री अशोक कुमार अरोड़ा : अध्यक्ष महोदय, पहले मंत्री जी खड़ी हुई हैं। विज साहब ने तो आपसे पूछा है कि आप बतायें कि हाउस सुप्रीम है या ...(शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker : Hon'ble Member, you are defending an act. You have been in this Chair. Arora Ji, don't defend this behaviour. Mr. Arora, you have been here. (Interruption)

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : अरोड़ा जी, उनको सपोर्ट कर रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker : Mr. Vij, please withdraw your remarks.

Shri Anil Vij : Speaker Sir, I again say that the House is supreme, Chief Minister is not supreme.

Shri Randeep Singh Surjewala : Vij ji, is defying even now. I do not think that such a Member has a place in this House. (noise and interruption)

Mr. Speaker : Mr. Vij, what you said about the Hon'ble Minister, you must withdraw the same. (noise and interruption)

Smt. Kiran Chaudhary : Speaker Sir, Mr. Vij, do not know how to treat a lady Member.

Shri Randeep Singh Surjewala : Sir, he has to apologize. (Interruption)

श्री अनिल विज : अध्यक्ष महोदय, मैं अपने शब्द वापिस नहीं ले रहा हूँ। इन्होंने कहा कि Chief Minister is supreme, House is not supreme. मंत्री जी इस बात के लिए माफी मांगें। मंत्री जी ने हाउस की गरिमा को डाउन करने की कोशिश की है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : विज साहब, आपने एक महिला मंत्री को अपमानित करने की कोशिश की है। (शोर एवं व्यवधान)

(इस समय सदन में उपस्थित बहुत से सदस्य अपनी-अपनी सीटों पर खड़े हो कर बोलने लगे।)

मुख्य संसदीय सचिव, (कुमारी शारदा राठौर) : अध्यक्ष महोदय, या तो श्री अनिल विज माननीय मंत्री जी से माफी मांगें या इनको नेम करके सदन से बाहर निकाला जाये। (शोर एवं व्यवधान)

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : अध्यक्ष महोदय, या तो श्री अनिल विज माननीय मंत्री जी से माफी मांगें या सदन से बाहर चले जायें। (शोर एवं व्यवधान)

श्री नरेश कुमार बादली : अध्यक्ष महोदय, जो लोग इस तरह के सदस्यों की मदद कर रहे हैं वे भी महिला जाति का अपमान कर रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान)

श्री रामपाल माजरा : अध्यक्ष महोदय ..... (शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : माजरा जी, आप हाउस के इतने सीनियर सदस्य हैं और एक सदस्य एक मंत्री जी के बारे में गलत शब्दों का इस्तेमाल करते हैं और आप उनकी सपोर्ट में खड़े हो रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान)

श्री नरेश कुमार बादली : अध्यक्ष महोदय, यह नारी जाति का अपमान है, वह हमारी बेटी है, हमारी बहन है, यह उनका अपमान है, ऐसे आदमी को माफ नहीं किया जाना चाहिए। (शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : अनिल विज जी, आपको माफी मांगनी पड़ेगी। आपसे

तो मैं यहाँ हाउस में कान पकड़ कर माफी मंगवाऊंगी, वरना मैं बैठूंगी नहीं। (शोर एवं व्यवधान)

Shri Randeep Singh Surjewala : Speaker Sir, he has shown utter disregard to this House. He has no place in this House. His conduct is shameful. His conduct is dishonorable. He should apologize to the Hon'ble Minister otherwise such elements who pass such remarks about their colleague that is also a senior Minister, have no place in this House. (noise and interruption)

श्री अनिल विज : अध्यक्ष महोदय, आप व्यवस्था दीजिए कि हाउस सुप्रीम है या मुख्य मंत्री सुप्रीम हैं। (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker : Mr. Vij, you must withdraw your remarks. (noise & interruption)

श्री नरेश कुमार बादली : अध्यक्ष महोदय, जब तक ये लिखित रूप में माफी नहीं मांगते तब तक ऐसे आदमी को माफ नहीं किया जाना चाहिए। (शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : अध्यक्ष महोदय, हाउस सुप्रीम है, अनिल विज सुप्रीम नहीं हैं। (शोर एवं व्यवधान)

श्री आनन्द सिंह दांगी (महम) : अध्यक्ष महोदय, ऐसा कब तक चलता रहेगा, यह तो हाउस के कीमती समय की बर्बादी हैं। (शोर एवं व्यवधान)

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला : अध्यक्ष महोदय, भारतीय जनता पार्टी के तीनों सदस्य भी श्री अनिल विज से सहमत नहीं हैं। (शोर एवं व्यवधान)

Shri Anil Vij : Speaker Sir, I again say that the House is supreme, Chief Minister is not supreme.

श्री रामपाल माजरा : अध्यक्ष महोदय ..... (शोर एवं व्यवधान)

Smt. Kiran Chaudhary : Speaker Sir, Hon'ble Member has casted personal aspersion against the Minister. He should apologize to her.

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : सर, मैंने एक रिस्पॉंसिबल स्टेटमैंट दी। श्री विज मुझे कह रहे हैं कि आपको ए.बी.सी. नहीं आती और माजरा जी ऐसे आदमी को सपोर्ट कर रहे हैं। ए.बी.सी. तो मैं अनिल विज को सिखा कर रहूँगी। (शोर एवं व्यवधान) स्पीकर सर, जब तक विज साहब सदन में कान पकड़ कर माफी नहीं मांगेंगे तब तक मैं आज बैठने वाली नहीं हूं। (शोर एवं व्यवधान) जब तक इन्होंने कान पकड़ कर माफी नहीं मांगी तब तक हम सदन को नहीं चलने देंगे। रामपाल माजरा जी यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि हमारे विपक्ष के साथी भी उनकी स्पोर्ट में खड़े हो रहे हैं। I am not only a lady minister, but a responsible minister also, making the responsible statement on the floor of the House. But the Opposition Leaders are also supporting Mr. Vij (Noise & Interruption)

Shri Randeep Singh Surjewala : Sir, I beg to move that Shri Anil Vij be called to the well of the House and be reprimanded by the House for this dishonorable remarks, for his irresponsible remarks. If he is not ready to apologize he should be called to the well of the House and be reprimanded by the House.

Mr. Speaker : Mr. Vij you must withdraw your remarks.

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, जो मैंने कहा ठीक कहा है। (शोर एवं व्यवधान)

Shri Randeep Singh Surjewala : Sir, I move that he should be physically produced in the well of the House just now and be reprimanded by the House. (Interruption)

श्री सतपाल : स्पीकर सर, विज साहब अपनी आदत से मजबूर हैं।

(सत्ता पक्ष की तरफ से नारेबाजी - महिला का अपमान नहीं सहेंगे - नहीं सहेंगे)

श्री अनिल विज : स्पीकर सर.....

Mr. Speaker : No, Mr. Vij you have to be reprimanded. (Interruption) I will name him.

Shri Randeep Singh Surjewala : No Sir, I have requested that he should be produced in the well of the House. I have already moved a motion and he should be reprimanded (Noise & Interruption)

Mr. Speaker : Alright, on this issue I will go for the sense of the House. Parliamentary Affairs Minister may bring a resolution.

Shri Randeep Singh Surjewala : Sir, I have already moved a resolution. (Noise & Interruption)

श्री नरेश कुमार बादली : स्पीकर सर, जो माननीय साथी की स्पोर्ट करते हैं वे नारियों के विरोधी हैं।

Mr Speaker : Then, he should withdraw his remarks. (Noise & Interruption)

Smt. Kiran Chaudhary : Hon'ble Speaker Sir, the resolution has already been moved and you being the Head of this august House, must make sure that the resolution which have been moved should be carried forward.

Mr. Speaker : Yes, I will and I am going through the provision.

Shri Randeep Singh Surjewala : Sir, Leader of the House has also expressed his serious concern about the irresponsible and objectionable remarks passed against an Hon'ble Member and a Senior Minister by Leader

of the Bharatiya Janata Party who is a many times member himself Shri Anil Vij and I again request to you on behalf of the Leader of the House to take a sense of the House and direct Shri Anil Vij to apologize. The people who pass such disparaging remarks about Hon'ble Ministers that also a lady minister who is a Seasoned Advocate of the High Court herself, they are not only condemnable but they are also completely unbecoming of a member of the Legislative Assembly. Any person passing such remarks must be reprimanded by the House and has no place to continue to participate in proceedings of the House.

Mr. Speaker : First I have to take the sense of the House. Question is whether we should reprimand the member or not?

मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) : स्पीकर सर, अगर विज जी माननीय मंत्री श्रीमती गीता भुक्कल के विरुद्ध कहे गये शब्दों के लिए रिग्रट फील करते हैं तो मैं समझता हूँ कि हाउस को एक्सैप्टेबल होगा। He should regret over his remarks passed against the Hon'ble Minister.

Mr. Speaker : Mr. Vij, it will be gracious if you withdraw your remarks.

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, मैं दोबारा से फिर कहना चाहता हूँ कि जिस परिपेक्ष्य में मैंने ये शब्द माननीया सदस्या के लिए कहे थे, यदि उस मुद्दे को क्लीयर कर दिया जाये तो सदन में सब कुछ साफ हो जायेगा। अगर इससे भी बात नहीं बनती है तो फिर अभी तो मुझे बोलने दीजिये, बाद में इस विषय पर बात कर लेंगे। (शोर एवं व्यवधान) स्पीकर सर, मैंने तो यह कहा था कि हाउस सुप्रीम होता है, मुख्यमंत्री सुप्रीम नहीं होता है। (शोर एवं व्यवधान) जबकि माननीया श्रीमती गीता भुक्कल जी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुप्रीम होता है, हाउस सुप्रीम नहीं होता है। (शोर एवं व्यवधान) मंत्री जी ने हाउस का अपमान किया है वे माफी मांगे। (शोर एवं व्यवधान) यदि वे अपने इस कंडक्ट के लिए हाउस से माफी मांगेंगी तो मैं भी अपने शब्द वापस ले लूंगा। (शोर एवं व्यवधान) मैं फिर से कहता हूँ कि House is supreme, C.M. is not supreme. (Noise & Interruption)

Mr. Speaker : You have also passed uncharitable remarks against the Hon'ble Minister who is also a lady member.

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, . . . (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker : You first talk about your remarks.

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : स्पीकर सर, सदस्य विज जी सदन में तोड़-मरोड़कर गलत स्टेटमैंट दे रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान)

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : स्पीकर सर, जो बातें अभी विज साहब ने सदन में कही हैं, उस परिपेक्ष्य में मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूँ कि जिस वक्त माननीय मंत्री जी और विज साहब के बीच इस तरह की बातें हुई हैं, उस वक्त मैं सदन में मौजूद नहीं था। अब

[श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा]
जैसे ही मैंने सदन मे प्रवेश किया तो मुझे पूरे वाक्या का पता चला है। अगर हमारी माननीय मंत्री जी ने ऐसी बात कही है तो ऑन न फ्लोर ऑफ द हाउस मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूँ तथा इसमें कोई दो राय भी नहीं है कि House is supreme of everything. (इस समय मेजें थपथपाई गई।)

श्री अनिल विज : ठीक है, सर। अब तो बात ही खत्म हो गई है। अतः अब आप मुझे बोलने दीजिये। (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker : Mr. Vij, either you receive reprimand or withdraw your remarks. (Noise & Interruption)

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, . . . (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : विज साहब, आप अपने शब्द वापस ले रहे हैं या नहीं? (शोर एवं व्यवधान)

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, बात यह थी कि . . . (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker : Alright, I have decided to reprimand you. (Noise & Interruption)

Shri Bhupinder Singh Hooda : Speaker Sir, he should feel regret and he should also apologize for his remarks now (Noise & Interruption)

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, यदि मुझे बोलने दिया जायेगा तभी तो मैं कुछ बोल पाऊंगा। (शोर एवं व्यवधान) सर, मुद्दा यह था कि . . . (विघ्न)

Mr. Speaker : Mr Vij, either you receive reprimand or withdraw your remarks. (Noise & Interruption)

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, मुद्दा यह है कि. . . (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker : Alright, I have decided to reprimand you. Mr. Vij, stand up in your seat. I will reprimand you.

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, . . . (शोर एवं व्यवधान)

Shri Bhupinder Singh Hooda : Sir, before he deliver his speech, he should be directed to feel regret otherwise he should not be allowed to speak.

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, . . . (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker : Either you receive reprimand or withdraw your remarks passed for the Hon'ble Lady Minister. (Noise & Interruption)

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, आप बोलने देंगे तभी तो मैं अपनी बात रख सकूँगा? (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : ठीक है, अपनी बात रखिये?

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, मुद्दा यह था कि . . . (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker : No Speech, you can only regret. (Noise & Interruption)

श्री अनिल विज : अच्छा जी, नमस्ते।

Mr. Speaker : Now, the Parliamentary Affairs Minister will move a motion.

Industries Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) : Sir, I beg to move—

> That Shri Anil Vij, MLA for his uncharitable remarks passed against the Hon'ble Education Minister, Smt. Geeta Bhukkal Matanhail be reprimanded.

Mr. Speaker : Motion moved—

> That Shri Anil Vij, MLA for his uncharitable remarks passed against the Hon'ble Education Minister, Smt. Geeta Bhukkal Matanhail be reprimanded.

Mr. Speaker : Question is—

> That Shri Anil Vij, MLA for his uncharitable remarks passed against the Hon'ble Education Minister, Smt. Geeta Bhukkal Matanhail be reprimanded.

The motion was carried.

श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल : मैडम कविता जी, विज साहब ने एक लेडी मिनिस्टर के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग किया है और आप श्री अध्यक्ष जी द्वारा इस संबंध में एक्शन लेने संबंधी राय के जवाब में "नो" कहती हैं? आपसे ऐसे व्यवहार की उम्मीद नही थी? क्या आप ऐसे अभद्र व्यवहार का समर्थन करती हैं?

श्रीमती कविता जैन : स्पीकर सर, . . . (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker : Shri Anil Vij, MLA is reprimanded for his conduct and uncharitable remarks against the Hon'ble Minister. He may stand up in his seat and receive his reprimand.

(At this stage, Shri Anil Vij, MLA left the House.)

विशेषाधिकार समिति को मामला निर्दिष्ट करना

Mr. Speaker : Hon'ble Members, Shri Anil Vij, MLA has been reprimanded but he has left the House before receiving his reprimand. Since, it is a contempt of the House to leave the House like this instead of receiving his reprimand, I refer this matter to the Privileges Committee. This matter be placed before the Privilege Committee for taking action against this particular Member as per the Order of the Speaker.

(At this stage, Shri Ani Vij, MLA came back to the House.)

Shri Anil Vij : Speaker Sir,.....

Mr. Speaker : No, you can't come back. If you have to come back, then receive the reprimand.

श्री अनिल विज : स्पीकर सर,. . . (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker : You can't come back. I have condemned you. And If you will come, you have to receive the reprimand.

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, मैं सदन से वाक आउट तो करने नहीं गया था? जहां तक गलती या शब्द वापस लेने की बात है तो मैं किसी भी सूरत में इस मुद्दे पर अपनी गलती नहीं मानूंगा। (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker : You can't come back. I have condemned you. And If you will come, you have to receive the reprimand. (Noise & Interruption)

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, आप गलती मनवाना चाहते हैं जो मैं किसी भी सूरत मे नहीं मानूंगा. . . (शोर एवं व्यवधान)

Shri Randeep Singh Surjewala : This is a mockery of the House.

Mr. Speaker : Mr. Vij, don't make a mockery of it. You will not be allowed to sit in the House. You are making a mockery of it. Everything is taken so lightly by you.

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, मैं वाक आउट तो करके नहीं गया था. . . (शोर एवं व्यवधान)

Transport Minister (Shri Aftab Ahmed) : Sir, he is making a mockery.

Mr. Speaker : If you want to come back, stand up in your seat and receive the reprimand here otherwise you are insulting the whole House.

श्री धर्म सिंह छोकर : स्पीकर सर, विज साहब के खिलाफ एक्शन लिया जाये।

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, मैं... (शोर एवं व्यवधान)

श्री राम पाल माजरा : स्पीकर सर, अब जबकि विज जी अपने शब्द वापस ले रहे हैं और माफी मांग रहे हैं तो अब तो इस बात को छोड़ दीजिये। (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker : No. he has been reprimanded. I have already the passed orders for his reprimand. I have condemned his conduct and the matter has been referred to the Privileges Committees.

श्री राम पाल माजरा : स्पीकर साहब, विज साहब ने माफी मांग ली है।

Mr. Speaker : Even he has apologized, but he has already been condemned and reprimanded.

श्री कृष्ण पाल गुर्जर (तिगांव) : स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि इस बात को लेकर हाऊस में गरमा-गरमी हुई, मैं समझता हूँ कि उस वक्त माहौल ठीक नहीं था, जो हुआ उसको अनहोनी समझे, मेरा निवेदन है कि अनिल विज जी ने अपनी बात वापस ली, अपने कहे गये शब्द वापिस ले लिये (शोर एवं व्यवधान)

श्री आनन्द सिंह दांगी : स्पीकर सर, यह अनहोनी नहीं है। ये सारी बातें नोईंगली होती हैं। यह की हुई होनी है।

श्री कृष्ण पाल गुर्जर (तिगांव) : स्पीकर सर, मैं भी सदन में मौजूद था । एक विषय को लेकर यहाँ पर चर्चा हुई कि हाऊस सुप्रीम है या मुख्यमंत्री सुप्रीम है । (शोर एवं व्यवधान)

Mr. Speaker : When the Leader of the House has himself stated that the House is supreme, then we will not discuss this issue more.

श्री कृष्ण पाल गुर्जर (तिगांव) : स्पीकर सर, मुख्यमंत्री जी ने स्पष्टीकरण दे दिया है उसके बाद विज साहब .....

Mr. Speaker : Even after to that Mr. Vij did not rise in his seat to receive the reprimand.

सदस्य का निलम्बन

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, आपने मुझे बोलने ही नहीं दिया। You did not allow me to speak. मैंने जब कहा कि मुख्यमंत्री जी ने स्पष्ट कर दिया है तो मैं अपने शब्द वापिस लेता हूँ तो आपने मुझे बोलने ही नहीं दिया।

Mr. Speaker : Mr. Vij, even if you have taken back your words, it doesn't matter now.

Shri Anil Vij : Sir, you didn't allow me to speak.

श्री अध्यक्ष : पार्लियामैंट अफेयर मिनिस्टर आप अपना मोशन लाईये।

Industries Minister (Shri Randeep Singh Surjwala) : Sir, I beg to move—

> That Shri Anil Vij, MLA, who after his reprimand and condemnation, entered into the House again, be suspended from the service of the House for his misconduct, most irresponsible behaviour, unbecoming of a member of this august House, his grossly disorderly conduct in the House and defying the orders of the Chair for the remainder of the day's proceedings.

Mr Speaker : Motion moved—

> That Shri Anil Vij, MLA, who after his reprimand and condemnation, entered into the House again, be suspended from the service of the House for his misconduct, most irresponsible behaviour, unbecoming of a member of this august House, his grossly disorderly conduct in the House and defying the orders of the Chair for the remainder of the day's proceedings.

Mr. Speaker: Question is—

> That Shri Anil Vij, MLA, who after his reprimand and condemnation, entered into the House again, be suspended from the service of the House for his misconduct, most irresponsible behaviour, unbecoming of a member of this august House, his grossly disorderly conduct in the House and defying the orders of the Chair for the remainder of the day's proceedings.

The motion was carried.

श्री अनिल विज : स्पीकर सर, ...

Mr. Speaker : You don't speak. You have been suspended. Please leave the House. प्लीज आप बाहर जाईये।

(इस समय श्री अनिल विज, एमएलए सदन से बाहर चले गये।)

मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा

Chief Minister : Speaker Sir, I want to make an announcement. हरियाणा सरकार पहली बार चने की प्रिक्योरमैंट करने जा रही है। आज चना चरखी दादरी मंडी में 2750 रुपये से लेकर 2800 रुपये तक बिक रहा है। लेकिन हमने एम.एस.पी. फिक्स किया है और इसकी नैफेड से हमें इजाजल मिल गई है। हरियाणा सरकार 3100 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदकर नैफेड को देगी। **(इस समय हाऊस में मेजें थपथपाई गई)**

श्री आनन्द सिंह दांगी : स्पीकर सर, सदन का आधा घंटा इस बात पर लग गया कि सदन सुप्रीम है या नहीं। सर, इसमें कोई शक नहीं है कि सदन सुप्रीम है। इसके बाद यह बात आई कि विधान सभा के सत्र के दौरान लोक हित में माननीय मुख्यमंत्री या सरकार जो भी घोषणाएं करते हैं, वह सदन से बाहर नहीं होनी चाहिए। सर, सदन में बजट के माध्यम से हर विभाग का पैसा स्वीकृत किया जाता है। उस पैसे को कार्यान्वित करने के लिए सरकार, मुख्यमंत्री या उसके मंत्री कहीं भी पब्लिक मीटिंग में उस पैसे को खर्च करने के लिए घोषणा कर सकते हैं। इनका यह कहना ठीक नहीं है कि सारा कार्य सदन के माध्यम से हो। सर, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूँ कि बजट सत्र में जब भी कोई विकास के कार्य के लिए पैसा अलॉट होता है, चाहे उसमें पब्लिक का कोई मुद्दा है या कोई डिमाण्ड आ जाती है तो उस बजट के माध्यम से उन सारी घोषणाओं को कार्यान्वित किया जाता है। इस तरह की बातें करके ही सदन का आधा घण्टा खराब कर दिया।

डॉ. विशन लाल सैनी : स्पीकर सर, जैसे कि सरकार विचार कर रही है कि प्रदेश में एक लाख से ज्यादा जो कच्चे कर्मचारी हैं, उनको नियमित किया जायेगा, इस बात के लिए मैं मुख्यमंत्री जी का स्वागत करता हूँ। सर, लेकिन मेरा कहना है कि कच्चे कर्मचारियों में जो एस.सी.बी.सी. कैटेगरी का कोटा है, उस अनुपात का भी सरकार ध्यान रखे। सर, एस.सी. बी.सी. कैटेगरी का बैकलॉग जो खाली है उसको भी भरने का सरकार ध्यान रखे।

श्री अध्यक्ष : श्री परमेन्द्र सिंह ढुल।

श्री परमिन्द्र सिंह ढुल : अध्यक्ष महोदय, शिक्षा के प्रसार के लिए सरकार ने गांवों और शहरों के स्कूलों में एजुसैट का कम्प्यूटराईज्ड सिस्टम लगाया गया है। एक बड़ी वास्तविक समस्या यह आ रही है कि स्कूलों के बिजली के कनेक्शन इसलिए काट दिये गये हैं क्योंकि उनके बिजली के बिल नहीं भरे गए हैं। इसके लिए स्कूलों के पास पर्याप्त फंड नहीं होते। मेरे जिले के काफी ऐसे स्कूल हैं जिनके बिजली के बिल न भरने की वजह से बिजली के कनेक्शन काट दिये गये हैं। मेरा आपसे अनुरोध है कि उन स्कूलों के लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध करवाये जायें जिससे वे बिजली के बिल समय पर भर सकें और बिजली के कनेक्शन कटने से बच जायें और सरकार की स्कूलों में कम्प्यूटराईज्ड सिस्टम लगाने की योजना है, उससे वह पूरी हो सके। मेरे पास दो स्कूलों के नौटिस हैं जिनके कनेक्शन नॉन पेमैंट की वजह से कट चुके हैं।

प्रो. संपत सिंह : स्पीकर सर, मैं भी अपने दो सुझाव इसमें जोड़ना चाहता हूँ। एक तो सर, जैसे आई.टी. का जमाना आ गया है। इसमें हम बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और हरियाणा प्रदेश में स्टैंडर्ड ऑफ एजूकेशन बढ़ा है, काफी सारी इंस्टीच्यूशंज आ गई हैं जिनकी वजह से यह स्टैंडर्ड बढ़ा है। कई बार हम देखते हैं कि मैनुअल फाइल वाला जो सिस्टम है, काफी पुराने समय से वही सिस्टम चला आ रहा है। एक फाइल नीचे से जाकर मंत्री जी के दफ्तर में आ गई, उस फाइल को पहले रिसीट क्लर्क रिसीट करेगा उसके बाद मंत्री महोदय के पास वह फाइल पहुंचने में बहुत समय लग जाता है क्योंकि वह फाइल दफ्तर में रिसीट क्लर्क के पास जाएगी उसके बाद वह फाइल Deputy Superintendent, Superintendent, Under Secretary, Special Secretary and

[प्रो. सम्पत सिंह]

Financial Commissioner etc. के पास जाएगी। इसमें इतने चैनल बन गए हैं कि उनसे निकलते हुए यदि उस फाइल को फोलो न किया जाए तो उस फाइल के पहुंचते पहुंचते एक महीना लग जाता है। मेरा सुझाव है कि एक तो इस बारे में सिंगल फाइल सिस्टम फोलो किया जाए, क्योंकि चैनल जितने कम होंगे उतनी ही वर्किंग इम्प्रूव होगी और एफीशिएंसी बढ़ेगी। कई बार तो सिर्फ मंत्री जी या कमिश्नर के पास सिग्नेचर के लिए भी फाइल आनी होती है तो भी वह पहले डिस्पैच क्लर्क के पास आती है फिर ये फाइल को मंत्री जी के पास भेजते हैं फिर वापसी में वह फाइल फिर क्लर्क के पास आती है फिर जब वह फाइल एफ.सी. के पास जाती है और वह भी एफ.सी. के डिस्पैच क्लर्क के थ्रू जाती है। मेरा कहने का मतलब यह है कि आज के समय में इस प्रोसैस को सरल किया जाना अति आवश्यक है। अध्यक्ष महोदय, मेरा दूसरा सुझाव इरीगेशन डिपार्टमैंट के बारे में है। वित्त मंत्री जी यहां बैठे हैं और वे इरीगेशन मिनिस्टर भी हैं। इनके अधिकारियों ने इस बात को माना है कि जो ब्रिजेज बनते हैं उनमें एक नॉर्म है कि उनके बीच में एक किलोमीटर की दूरी होनी चाहिए। लेकिन जो कंसौलिडेटेड पाथ हैं और उनमें एक किलोमीटर की दूरी न हो तो उसके लिए रिलैक्सेशन मिलती है और उस रिलैक्सेशन के प्रौसेस के लंबे होने की वजह से उसमें एक एक साल का समय लग जाता है, क्योंकि वह फाइल मुख्यमंत्री जी तक जाती है। इसलिए मेरा सुझाव है कि इसमें डेलीगेशन ऑफ पॉवर्ज होनी चाहिए। जहां कंसौलिडेटेड पाथ की बात हो और वहां पुल बनाना ही हो तो ऐसे मामलों में रिलैक्सेशन की पावर्ज डेलीगेट करके उसको अलाऊ कर दिया जाए और इसका लैवल एफ.सी. या ई.आई.सी. तक कर दिया जाए। जब कंसौलिडेटेड पाथ की बात हो वहां तो बना दिया जाए, यदि खेत के रास्ते में बनाने की बात हो तो न बनाएं लेकिन यदि नहर रास्ते में आ रही है। खाले आ रहे हैं तो रिलैक्सेशन के इतने लम्बे प्रोसैस से न निकलना पड़े। अध्यक्ष महोदय, आज के दिन इस वजह से लोगों को बड़ी भारी प्रॉब्लम पेश आ रही है। गांव के लोगों के लिए और जमीदारों के लिए बहुत बड़ी प्रॉब्लम है। इस बारे में दि दैन इरीगेशन सैक्रेटरी से जो कि अब मुख्यमंत्री जी के प्रिंसिपल सैक्रेटरी हैं, से भी मेरी बात हुई थी। उन्होंने इस बात को माना है। मैं रिक्वैस्ट करता हूं कि मेरे इस सुझाव पर अवश्य गौर करें।

अति विशिष्ट व्यक्तियों का अभिनंदन

Industries Minister (Sh. Randeep Singh Surjewala) : Speaker Sir, I would like to inform the House that Sardar Kuljeet Singh Nagra and Sardar Amrinder Singh Raja, MLAs of Punjab Legislative Assembly are present in the Speaker Gallery. I welcome them on behalf of the House.

Mr. Speaker : Hon'ble Members, I also welcome them in this Assembly.

विधान कार्य (पुनरारम्भण)

श्री रामेश्वर दयाल राजौरिया (बावल अनुसूचित जाति) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी से और शिक्षा मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि इन्होंने एस.सीज. के बैकलॉग को पूरा करने के लिए बहुत काम किया है लेकिन पिछले दिनों एस.सीज. के 372 पद निकाले गए थे और उनमें भर्ती कर ली गई लेकिन उसमें से 25 बच्चे किसी वजह से नौकरी ज्वॉइन नहीं कर सके, जिस वजह से 19 बच्चे वेटिंग लिस्ट में हैं। वे बच्चे ऐजूकेशन मिनिस्टर से भी मिले और हाईकोर्ट में भी गए। माननीय हाईकोर्ट ने उनके हक में फैसला कर दिया, उसके बावजूद भी उन 19 बच्चों को नौकरी में ज्वॉइन नहीं करवाया गया। मैं जानना चाहूंगा कि ऐसी स्थिति में बैकलॉग कैसे पूरा होगा ?

Mr. Speaker : Hon'ble Minister will examine that. (interruption) Hon'ble Minister is making a statement.

शिक्षा मंत्री (श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल) : सर, इस मामले को हमने आलरेडी ऐग्जामिन किया है और जो वेटिंग लिस्ट कुछ लोगों के ज्वॉइन न करने की वजह से क्लीयर नहीं हुई थी, उसके बारे में हमने मुख्यमंत्री जी से अप्रूवल ले ली है और उस आदेश की अनुपालना कर ली जाएगी।

श्री रामेश्वर दयाल राजौरिया : अध्यक्ष महोदय, राज्यपाल महोदय के अभिभाषण और बजट भाषण में सरकार द्वारा यह कहा गया है कि बी.पी.एल. और एस.सी. और बी.सी. कैटेगरी के गरीब लोगों को सरकार द्वारा 100-100 गज के प्लॉट दिये जा रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, सरकार ने इन लोगों को जो प्लॉट दिए हैं उनका यह नहीं पता कि वे वास्तव में जमीन पर दिए हैं या सिर्फ कागजों में ही दिए गये हैं। लोग उन प्लॉट्स का कब्जा लेने के लिए और रजिस्ट्रियां लेने के लिए डी.सी. और तहसीलदार के चक्कर काटते रहते हैं लेकिन न तो उनको उन प्लाट्स की रजिस्ट्रियां मिली हैं और न ही कब्जे मिले हैं। कई बार मैं भी कई गाँवों के लोगों के साथ डी.सी. के पास गया हूं और डी.सी. साहब से यह कहा कि इन लोगों को आप उन प्लाट्स की रजिस्ट्रियां दिलवायें और कब्जे दिलवायें।

उद्योग मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने सम्मानित सदस्य को उनकी जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि तीन लाख 84 हजार लोगों को सरकार ने फिजीकल पोजैशन दे दिया है। इसके बारे में पूरा डाटा सदन के पटल पर रख दिया है। आदरणीय साथी उस प्रश्न के जवाब का अवलोकन करेंगे तो इनको सारा पता चल जायेगा। फिर भी अगर इनको कोई शंका है तो हमें बतायें हम इनकी शंका को जरूर दूर करेंगे।

श्री रामेश्वर दयाल राजौरिया : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहूंगा कि संबंधित अधिकारी उस पर नजर नहीं रखते। लोगों को उन प्लॉट्स के कब्जे नहीं मिले हैं और वे तहसीलदार के चक्कर काटते रहते हैं।

श्री अध्यक्ष : मंत्री जी ने कह तो दिया कि इसका हल हो जायेगा। आपने अपनी बात रख तो दी और आप क्या कहना चाहते हैं ?

Haryana Vidhan Sabha Secretariat
LIBRARY

श्री रामकुमार राजौरिया : अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात और कहना चाहता हूं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने छोटे दुकानदारों के खोखे और दुकानें अगर आग में जल जाते हैं तो उनको मुआवजे के रूप में पांच लाख रूपये देने की घोषणा की है। तीन नवम्बर, 2013 को नेशनल हाईवे नं. 8 पर खेड़ा बॉर्डर के पास रात को चार दुकानें जलकर राख हो गई। उन दुकानदारों ने इस बारे में मुआवजे के लिए सरकार को एप्लीकेशंज दी और पटवारी और तहसीलदार द्वारा उस जगह का सर्वे भी किया गया। उस मुआवजे की फाईल डी.सी. और तहसीलदार के बीच में पिछले चार महीनों से घूम रही है लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि उन लोगों को भी मुआवजा दिया जाए।

श्री अध्यक्ष : राजौरिया जी, आप एप्रोप्रिएशन बिल पर बोलें।

मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य को शायद मालूम नहीं है। दुकानदारों को कम्पनसेशन देने के बारे में गोहाना रैली में जिस नई नीति की घोषणा की थी वह घोषणा हमने जनवरी, 2014 से लागू की है जबकि माननीय सदस्य पिछले साल की बात कह रहे हैं। अभी तो हम ऐसे दुकानदारों को कम्पनसेशन देने के लिए असैस करवा रहे हैं।

सरकारी संकल्प

श्री अशोक कुमार अरोड़ा (थानेसर) : स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से एक बात सदन में कहना चाहता हूं।

श्री अध्यक्ष : अरोड़ा जी, आप अच्छे सुझाव देकर कुछ कंट्रीब्यूट कर सकते हैं।

श्री अशोक कुमार अरोड़ा : अध्यक्ष महोदय, कल हमारी पार्टी के एक माननीय सदस्य श्री परमिन्द्र सिंह ढुल ने एक सुझाव दिया था। जिस प्रकार से सारे हाउस ने एस.वाई.एल. नहर और हांसी-बुटाना नहर के बारे में एक रेजोलूशन पास करके केन्द्र को भेजा था उसी प्रकार से स्वामीनाथन कमिशन की रिपोर्ट के बारे में भी सदन में एक प्रस्ताव पास करके केन्द्र को भेजा जाना चाहिए ताकि स्वामीनाथन कमिशन की रिपोर्ट को लागू किया जाए।

मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य अरोड़ा जी को बताना चाहता हूं कि स्वामीनाथन कमिशन की रिपोर्ट से भी बैटर चीफ मिनिस्टर्ज ग्रुप ने एग्रीकल्चर प्रोडैक्शन के बारे में एक रिपोर्ट भारत सरकार को इम्पलीमैंटेशन के लिए भेजी थी। इस वर्किंग ग्रुप का अध्यक्ष मैं था। इस वर्किंग ग्रुप में पंजाब, पश्चिम बंगाल और बिहार के मुख्यमंत्री सदस्य थे। Working Group on Sustainable Growth of Agriculture जोकि किसान की स्थाई आमदनी बढ़ाने के लिए प्रधान मंत्री जी द्वारा बनाया गया था, उस रिपोर्ट में हमने बहुत सारे सुझाव दिए थे। उस वर्किंग ग्रुप की रिपोर्ट हमने केन्द्र को सब्मिट की थी और उस कमेटी के कुछ सुझाव इम्पलीमेंट भी हो गये हैं। पिछली सरकार के समय

में जब किसान कोआप्रेटिव बैंक से पहली बार लोन लेते थे तो उनको 11 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज देना पड़ता था। जबकि हमने उस लोन को किसानों को 4 प्रतिशत ब्याज दिलाने का काम किया है और यह प्रक्रिया पूरे देश में लागू की गई है। यहां तक कि नेशनलाइज्ड बैंकों ने भी इस प्रक्रिया को अपनाया है। इसी प्रकार से बहुत सारे सुझाव उस वर्किंग ग्रुप की रिपोर्ट में हमने दिए थे। स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट की जहां तक बात है, स्वामीनाथन जी भी उस वर्किंग ग्रुप की रिपोर्ट से एग्रीड थे कि किसान की स्थाई आमदनी तब हो सकती है जब उसकी फसल के लिए सारे देश में एक फार्मूला लागू किया जाए। उस रिपोर्ट में यह कहा गया था कि एक किसान की फसल की जितनी लागत आती है उसकी लागत में 50 प्रतिशत मुनाफा जमा करके किसान को दिया जाए। अध्यक्ष महोदय, स्वामीनाथन कमिशन की रिपोर्ट के बाद की यह वर्किंग ग्रुप की रिपोर्ट है जोकि उस रिपोर्ट से ज्यादा बैटर है। इसलिए मैं अरोड़ा जी से यह कहना चाहता हूं कि अगर सदन में कोई प्रस्ताव लाना है तो वह वर्किंग ग्रुप की रिपोर्ट के आधार पर लाया जाए जो रिपोर्ट मेरी अध्यक्षता में भारत सरकार को सब्मिट की गई है। अध्यक्ष महोदय, ये इस बात को मानें कि हमारे वर्किंग ग्रुप की रिपोर्ट स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट से बैटर है जबकि हमारा यह वर्किंग ग्रुप स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट के बाद बना था।

श्री कृष्णलाल पंवार (इसराना, अनुसूचित जाति) : अध्यक्ष महोदय, ये उस रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखें।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, क्या इनके पास स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट है? हमारे साथी प्रस्ताव पास करेंगें, इनको अपोज करना हो तो कर लेंगें।

श्री अशोक कुमार अरोड़ा : अध्यक्ष महोदय, लीडर ऑफ दि हाउस ने अपनी बात कही इसलिए अब आप हमारी बात सुन लें उसके बाद मंत्री जी अपनी बात कह लें। अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जी ने कहा कि किसानों के लिए उनकी अध्यक्षता में जो वर्किंग ग्रुप बना था उसकी रिपोर्ट में स्वामीनाथन रिपोर्ट से बैटर सुझाव हैं। हम चाहेंगे कि उस रिपोर्ट पर ही ये प्रस्ताव लाएं ताकि उस पर अमल किया जा सके। अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री महोदय ने एक और बात कही कि हमारे टाइम में 11 परसैंट पर को-आपरेटिव बैंकों का लोन दिया जाता था तो इस बारे में मैं कहना चाहूंगा कि आज तो न कोई को-ऑपरेटिव बैंक का लोन लेता है और न वापिस देता है। को-आपरेशन मिनिस्टर जी यहां बैठे हैं इनसे पूछ लिया जाए।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, इनको पता ही नहीं है। मैंने ऋण के बारे में कहा है कि जो शोर्ट टर्म लोन हैं उनके ऊपर इनके समय से दुगुने-तिगुने लोन दिए जा रहे हैं। ये पता करके देख लें।

सहकारिता मंत्री (श्री सतपाल) : अध्यक्ष महोदय, मेरे महकमे की बात आई है इसलिए मैं बताना चाहूंगा कि को-ऑपरेटिव बैंकों से लोन दिए जा रहे हैं। हर तरह के लोन हम किसानों को दे रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान) को-ऑपरेटिव बैंक धड़ाधड़ लोन दे रहे हैं और किसानों को कोई समस्या नहीं है। इनके टाइम में जो लोन लेता था वह खेत में छुप जाया करता था और उसके पीछे को-ऑपरेटिव बैंक की जीप लगी रहती थी। हमारे मुख्यमंत्री महोदय ने यह काम बंद कर दिया है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अशोक कुमार अरोड़ा : अध्यक्ष महोदय, मेरे दो छोटे छोटे सुझाव हैं। पहला सुझाव मेरा यह है कि गोहाना रैली में मुख्यमंत्री महोदय ने सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति में ठेकेदारी प्रथा को खत्म करने की बात कही थी। ठेकेदारी प्रथा में भ्रष्टाचार बहुत ज्यादा है। किसी ठेकेदार को 25 स्वीपर भर्ती करने के लिए दिए जाते हैं तो वह 10 स्वीपर भी नहीं लगाता है। चाहे तो किसी भी म्युनिसिपल कमेटी में चैक करवा कर देख लिया जाए। सफाई कर्मचारियों को पूरी तनख्वाह भी नहीं मिलती और ऊपर से ठेकेदार अपनी कमीशन भी काटता है। मेरा मुख्यमंत्री महोदय से अनुरोध है कि इस ठेकेदारी प्रथा को तुरंत बंद कर दिया जाए।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, अरोड़ा साहब ने बिल्कुल वाजिब बात कही है। हमारी घोषणा थी और उस घोषणा के बाद हमने लागू किया है कि जो सफाई कर्मचारी लगे हुए हैं उनका सीधा चैक कारपोरेशन वाले देंगे। सफाई कर्मचारियों को पहले 5458 रुपये मिलते थे लेकिन अब 8100 रुपये का चैक मिल रहा है। ठेकेदारी प्रथा हम बंद करने जा रहे हैं लेकिन जिन्होंने 31 मार्च तक का ठेका लिया हुआ था वह पीरियड कम्पलीट होने के बाद हम इसका कोई स्थाई प्रबंध करेंगे ताकि ठेकेदारी प्रथा बंद हो और उनको कम से कम 8100 रुपये मिलें।

श्री अशोक कुमार अरोड़ा : अध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि जब तक नए स्थाई कर्मचारियों की व्यवस्था नहीं होती तब तक नगरपालिका या डी.सी. इनको स्वयं लगाए परंतु बीच की ठेकेदारी प्रथा को खत्म कर दिया जाए।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, हमने 13 हजार सफाई कर्मचारी शहरों में लगाने के लिए भी प्रस्ताव पास किया है और उनका चयन बकायदा पूरी प्रक्रिया एडॉप्ट करके किया जाएगा और उनको ठेकेदारी प्रथा पर नहीं लगाया जाएगा।

श्री अशोक कुमार अरोड़ा : अध्यक्ष महोदय, मेरा सुझाव है कि जब तक उनकी नियुक्ति नहीं होती तब तक ठेकेदारों को बीच में से निकालकर नगर पालिका या डी.सी. स्वयं सफाई कर्मचारी रखें। अध्यक्ष महोदय, पिछले कई दिनों से गैस्ट टीचर्स जंत्र-मंत्र पर धरने पर बैठे थे।

श्री अध्यक्ष : अरोड़ा जी, आप बिल पर बोलें।

श्री अशोक कुमार अरोड़ा : अध्यक्ष महोदय, जंत्र मंत्र पर जो गैस्ट टीचर्स धरने पर बैठे थे उनको मुख्यमंत्री महोदय ने स्वयं जाकर जूस पिलाकर उनका आमरण अनशन तुड़वाया था। आज हाउस चल रहा है और मैं चाहूंगा कि मुख्यमंत्री महोदय कोई ऐसी नीति लेकर आएं जिससे उनको फायदा हो। हम विपक्ष की तरफ से विश्वास दिलाते हैं कि हम इसमें उनका पूरा सहयोग देंगे।

13.00 बजे **श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, आदरणीय अरोड़ा साहब ने कृषि को लेकर चिंता जाहिर की है। आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने हमारे मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में वर्किंग ग्रुप बनाया था जो कृषि के विकास के लिए, कृषि को ज्यादा फायदेमंद

बनाने के लिए अपनी रिपोर्ट तैयार करे। उसके बारे में मैं प्रस्ताव लेकर आऊं उससे पहले मैं सदन में बताना चाहूंगा कि जब से दिल्ली में श्रीमती सोनिया गांधी जी की अध्यक्षता में और माननीय मनमोहन सिंह जी के नेतृत्व में यू.पी.ए. की सरकार तथा हरियाणा में हमारे मुख्यमंत्री हुड्डा साहब के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार आई है तब से अभूतपूर्व कार्य कृषि, किसान और गरीबों के विकास के लिए हमने किए हैं। इस दौरान किसानों को उनकी फसल का अधिकतम न्यनतम मूल्य दिया गया है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि 1999 से 2004 तक जब केन्द्र में माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में एन.डी.ए. की सरकार विपक्ष के पांच सांसदों के समर्थन से चल रही थी, उस दौरान पांच साल में गेहूं का समर्थन मूल्य मात्र 40 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया जो कि ऊंट के मुंह में जीरे के बराबर था। उस दौरान किसान त्राहि-त्राहि कर रहे थे। इन लोगों ने किसान की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। जबकि यू.पी.ए. की सरकार आने के बाद 9 साल में गेहूं का समर्थन मूल्य 540 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 1380 रुपये प्रति क्विंटल तक हुआ है। अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से धाहे चने, चावल या गन्ने के समर्थन मूल्य की बात हो, हर जिंस का हमने सर्वाधिक भाव दिया है जिसको लेकर पूरे देश में चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की चर्चा की जाती है कि हरियाणा में गन्ने का सर्वाधिक भाव है।

श्री अशोक कुमार अरोड़ा : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी यह भी बता दें कि इस दौरान डीजल के भाव कितने प्रतिशत बढ़े हैं?

उद्योग मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला) : अध्यक्ष महोदय, एन.डी.ए. की सरकार के समय में 32 बार डीजल के रेट बढ़े थे। यह रिकार्ड की बात है। इसी तरह से उस समय कैरोसीन के तेल का भाव दो रुपये से बढ़ाकर दस रुपये प्रति लीटर कर दिया गया था। इसी तरह से उस समय 7 बार यूरिया और 7 बार डी.ए.पी. खाद के रेट बढ़ाये गये और विपक्ष के साथी उस सरकार का समर्थन कर रहे थे। क्या इस तरह से विपक्ष के साथी किसानों के पक्षधर हैं? (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, जब अरोड़ा जी बोल रहे थे उस समय मैं चुप बैठा था। मेरा इनसे सादर अनुरोध है क्योंकि ये मेरे से उम्र में बड़े हैं, अब ये बैठे-बैठे रनिंग कमेंट्री न करें। इससे कोई लाभ नहीं है। हमारी केन्द्र की सरकार ने किसानों के 72 हजार करोड़ रुपये के कर्जे देश के इतिहास में पहली बार माफ किए हैं। इसी तरह से हरियाणा सरकार ने हरियाणा प्रदेश के किसानों के 1600 करोड़ के बिजली के बिल माफ किए। इसके अतिरिक्त किसानों को फायदा देने के लिए जमीन अधिग्रहण के लिए एक नया कंपनसेशन कानून यू.पी.ए. की सरकार ने बनाया है, जिसके तहत किसानों को मार्केट भाव पर मुआवजा व प्रोजैक्ट्स में ऑनरशिप भी दी जायेगी । इस तरह का कानून यू.पी.ए. की सरकार पहली बार लेकर आई है और हरियाणा की भूमि अधिग्रहण नीति को पूरे देश में ट्रांसलेट किया गया है जिसके तहत किसानों को बाजार भाव पर भूमि अधिग्रहण होने पर मुआवजा मिलेगा। इस तरह से हमने किसानों के विकास के लिए एक नई इबारत लिखी है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि जैसा अरोड़ा साहब ने पहली बार सहमति जताते हुए कहा है कि यह सदन सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करे और केन्द्रीय सरकार को निवेदन करे कि चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी के नेतृत्व में जो किसानों की भलाई के लिए वर्किंग ग्रुप है उसकी रिपोर्ट को जल्द से जल्द भारत सरकार सम्पूर्ण क्रियान्वयन करवाये।

Mr. Speaker : Now, the Parliamentary Affairs Minister may move his motion.

Shri Randeep Singh Sujewala : Sir, I beg to move—

